हरिभूमि
# रायपुर भूमि

## स्ट्रोक के संकेत

स्ट्रोक के लक्षण को पहचानने का सरल तरीका अंग्रेजी के अक्षर एफ, ए, एस, टी है। इसके संकेतों के आधार पर शिकायत वाले मरीजों को अस्पताल पहुंचाकर उपचार की सुविधा दिलाई जा सकती है।

1. एफ- फेस यानी चेहरे का एक तरफ झुका होना।
2. ए- आर्म यानी बांह का कमजोर या सुन्न होना।
3. एस- स्पीच मतलब बोली का अस्पष्ट अथवा असामान्य होना।
4. टी- टाइम यानी संकेत पर तुरंत अस्पताल जाएं।

**पूर्व में मानी जाती थी उम्रदराज लोगों की बीमारी, 40 साल से कम उम्र वाले भी चपेट में**

# वर्ल्ड स्ट्रोक डे आज: तेज रफ्तार तनावभरी जीवनशैली से बढ़ रहा स्ट्रोक का खतरा, डेंजर जोन में युवावर्ग भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पूर्व में ब्रेन स्ट्रोक उम्रदराज लोगों की बीमारी मानी जाती थी, मगर इस तरह की समस्या लेकर 40 साल से कम आयु का युवा वर्ग भी अस्पताल पहुंच रहा है। चिकित्सकों की मानें, तो तनावभरी तेज रफ्तार वाली जीवनशैली इसकी मुख्य वजह है। कम नींद ज्यादा तनाव, नशे की बुरी लत और अव्यस्थित खानपान इसका मुख्य कारण है। संयमित जीवन शैली और बीपी-शुगर के साथ कोलेस्ट्राल की नियमित जांच से जोखिम को कम किया जा सकता है। इसके बाद भी ब्रेन स्ट्रोक के लक्षण सामने आते हैं, तो बिना समय गंवाए सही चिकित्सक के पास पहुंचकर अप्रिय स्थिति को टाला जा सकता है। अखिल भारतीय





आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) और डीके हास्पिटल के न्यूरो सर्जरी विभाग के चिकित्सकों के मुताबिक पिछले कुछ सालों में ब्रेन हेमरेज की शिकायत लेकर आने वालों में 30 से 40 साल के मरीजों की संख्या बढ़ी है। डाक्टरों के मुताबिक सही समय पर अस्पताल पहुंचने वाले मरीजों का इलाज संभव होता है। नहीं तो ब्रेन स्ट्रोक के मामलों में मृत्यु से लेकर कष्टप्रद जीवन का परिणाम सामने आ सकता है। भागदौड़ भरी दिनचर्या, नशे की बुरी लत, खानपान में लापरवाही और मानसिक तनाव इसके कारण हो सकते हैं। इस जोखिम से बचने के लिए बीपी-शुगर और कोलेस्ट्राल की नियमित जांच का अभाव है। स्ट्रोक के शिकार होने वाले मरीजों के सही उपचार के लिए 6 से 12 घंटे का समय अनमोल माना जाता है।

## विशेषज्ञों का कहना :-

- स्ट्रोक के जोखिम को नियमित जांच और संयमित जीवनशैली से कम किया जा सकता है। इस तरह की शिकायत होने पर बिना वक्त गंवाए मरीज को अस्पताल लाना चाहिए। स्ट्रोक के लक्षण दिखाई पड़े तो इस पर गंभीरता दिखाना आवश्यक है। सही समय पर अस्पताल पहुंचना मरीज के स्वस्थ होने की संभावनाओं को बढ़ाता है।
- डॉ. अनिल कुमार शर्मा, विभागाध्यक्ष न्यूरो सर्जरी विभाग एम्स ( फोटो अटैच है)
- बीपी-शुगर, कोलेस्ट्राल की नियमित जांच आवश्यक है। इसके अलावा खानपान में लापरवाही और बुरी लत से दूर रहकर इससे बचा जा सकता है। स्ट्रोक के मरीजों के लिए 6 से 12 घंटे का वक्त महत्वपूर्ण होता है। इसलिए बिना किसी घरेलू नुस्खे के शीघ्र हास्पिटल पहुंचने की कोशिश करनी चाहिए।
- डॉ. लवलेश राठौड़, सहायक प्राध्यापक न्यूरो सर्जरी विभाग डीके हास्पिटल

## 10 से 15 फीसदी मामले स्ट्रोक के

एम्स में संचालित न्यूरो सर्जरी एवं न्यूरोलॉजी विभाग में प्रतिदिन की ओपीडी में ढाई सौ की संख्या में नए एवं पुराने मरीज पहुंचते हैं। इनमें लगभग 20 से 25 केस स्ट्रोक के होते हैं। इसी तरह डीकेएस सुपरस्पेशलिटी हास्पिटल के दोनों विभाग में रोजाना डेढ़ से दो सौ मरीज अपनी जांच और इलाज के लिए आते हैं। इनमें 10 से 15 मामले स्ट्रोक से संबंधित होते हैं। दोनों अस्पतालों में स्ट्रोक की समस्या वाले मरीजों में औसतन चार से पांच केस युवा वर्ग के होते हैं।

## खबर संक्षेप

### कार ने बाइक को ठोका, दो घायल



**रायपुर।** डीडीनगर पुलिस ने एक कार चालक के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध किया है। प्रार्थी मयंक सिंह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह और उसका दोस्त हिमांशु जैन बाइक से जा रहे थे, तभी फत्तू स्वीट्स गली के पास एक कार चालक ने वाहन को तेज एवं लापरवाही से चलाते हुए बाइक को ठोकर मार दी। इससे दोनों को चोटें आई हैं। पुलिस ने मामले में कार चालक के विरुद्ध 281, 125 ए बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

### ग्रामीण बैंक में एसी के उपकरण चोरी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक के माना शदाणी दरबार शाखा में सामान की चोरी हो गई। बैंक की ओर से आफरीन परवीन ने माना कैंप थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 14 सितंबर की रात में अज्ञात चोर बैंक में लगे एसी का पाइप, कंप्रेशर, कॉपर केबल, कंडेसर क्वाइल एवं गैस चार्जिंग चोरी कर ले गए। चोरी हुए सामान की कुल कीमत लगभग 52 हजार रुपए आंकी गई है। पुलिस ने मामले में धारा 303-2 बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

### पान ठेले से सिगरेट और पान मसाला पार

**रायपुर।** डीडीनगर पुलिस ने चोरी के मामले में अपराध दर्ज किया है। प्रार्थी भोला देवांगन ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसका सरोना पेट्रोल पंप के पास कबीर नाम से पान ठेला है। 27 अक्टूबर को रात में कोई अज्ञात चोर दुकान का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया और गुटखा, सिगरेट सहित अन्य सामग्री चोरी कर ले गया। चोरी हुई सामग्री की कुल कीमत लगभग 40 हजार रुपए है। पुलिस ने मामले में अपराध पंजीबद्ध किया है।

### नशा करने से रोकने पर युवक को पीटा

**रायपुर।** आजाद चौक पुलिस ने एक मारपीट के मामले में अपराध पंजीबद्ध किया है। घटना 28



अक्टूबर की सुबह 10.30 बजे की है। प्रार्थी अजय फुटान ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि आरोपी सोनू फरिकार शीतला मंदिर के पास नशा कर रहा था, जिसे उसने मना किया। इस बात पर आरोपी ने उसके साथ गाली-गलौज करते हुए डंडे से मारपीट की। इससे उसे चोट आई है। पुलिस ने मामले में धारा 296, 115-2, 351-2 बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

### बोर्ड की आने वाली नई अमृत भारत सूची में आ सकता है मंडल की ट्रेनों का नाम

# चार अमृत भारत...शुरुआती चरण में ही मुंबई हावड़ा, जयपुर और असम से जुड़ेगा रायपुर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**खास खबर**

भारतीय रेलवे अगले दो से तीन वर्षों में देशभर में 200 वंदेभारत ट्रेनें, 100 अमृत भारत ट्रेनें और 50 नमो भारत रैपिड रेल चलाने की योजना पर तेजी से काम कर रहा है। इस योजना की शुरुआत विभिन्न राज्यों में हो चुकी है और अब रायपुर समेत दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के यात्रियों को भी इस सुविधा का लाभ मिलने वाला है। मंडल की ओर से रेलवे बोर्ड को प्रस्ताव बनाकर भेजे गए विभिन्न रूट की ट्रेनों को मंजूरी लगभग अब तय हो चुका है।

सूत्रों के मुताबिक शुरुआती चरण में ही मंडल को यह ट्रेन मिल जाएगी। बता दें कि जून में मंडल की ओर से हावड़ा, मुंबई, जयपुर और असम के लिए अमृत भारत ट्रेन चलाने को लेकर प्रस्ताव बनाकर रेलवे बोर्ड को दिए हैं, जिसे लेकर अब रेलवे बोर्ड की ओर से अच्छे संकेत मंडल को मिले हैं। अब जल्द ही रेलवे इसकी सूची जारी कर घोषणा कर सकता है। इन रूट पर ट्रेन चलाए जाने से यात्रियों को 4 से अधिक ट्रेनों के विकल्प मिलेंगे। खासकर जयपुर और असम के लिए प्रस्तावित वंदेभारत सेवा यात्रियों के लिए लाभकारी सिद्ध होगी।

### खास बातें

- जून में रायपुर रेल मंडल ने नई अमृत भारत ट्रेनें और वंदेभारत का प्रस्ताव बनाकर रेलवे बोर्ड को भेजा था
- लंबी दूरी की ट्रेन मिलने से यात्रियों को कन्फर्म टिकट आसानी से मिल सकेगा
- यात्रियों की सुविधा बढ़ाने के लिए रेल मंडल ने शुरू की एडवांस तैयारी



### पूर्वोत्तर भारत तक पहुंचेगी अमृत भारत

मंडल प्रशासन के मुताबिक अमृत भारत ट्रेनों के लिए रायपुर से मुंबई, हावड़ा और कामाख्या के लिए भी प्रस्ताव भेजा गया था। इनमें खास तौर पर कामाख्या रूट पूर्वोत्तर भारत को जोड़ता है, जहां यात्रियों की संख्या अधिक होती है। इन रूटों पर अमृत भारत ट्रेनें शुरू होने से लंबी दूरी के यात्रियों को आधुनिक सुविधाएं मिलेंगी और यात्रा अधिक आरामदायक होगी। रेलवे की इस योजना से न केवल यात्रियों की यात्रा सुखद और सुविधाजनक बनेगी, बल्कि क्षेत्रीय कनेक्टिविटी भी मजबूत होगी और रेलवे के राजस्व में भी बढ़ोतरी होगी।

### आसानी से मिलेगा महानगरों का टिकट

रेलवे देश के सभी लंबे रूटों पर आधुनिक वंदेभारत और अमृत भारत ट्रेनें चलाने की योजना पर कार्य कर रहा है। वर्तमान में रायपुर से नागपुर और विशाखापट्टनम के लिए वंदेभारत ट्रेन की सुविधा उपलब्ध है। रायपुर में फिलहाल एक अमृतभारत गुरजती है, लेकिन यह चार नई ट्रेन रायपुर मंडल की रहेगी। इसलिए मुंबई, हावड़ा, अमस व जयपुर रूट पर यात्रियों को आसानी से कन्फर्म टिकट मिल सकेगा।

### रेलवे को होगा आर्थिक लाभ

योजना के तहत अमृत भारत ट्रेनें उन रूटों पर चलाई जाएंगी, जिनका सफर एक दिन से अधिक का होगा, जबकि वंदेभारत ट्रेनें ऐसे रूट के लिए प्रस्तावित हैं, जिन्हें एक दिन में तय किया जा सके। रेलवे अधिकारियों के अनुसार सभी रेलवे बोर्ड से यह जानकारी मांगी गई थी कि किन-किन रूटों पर इन आधुनिक ट्रेनों की आवश्यकता है। रायपुर रेल मंडल ने ऐसे रूटों को प्रस्ताव में शामिल किया है, जहां यात्रियों की आवाजाही अधिक है और रेलवे को आर्थिक लाभ भी मिल सकता है। रेलवे की ओर से रैक (कोच सेट) तैयार होने के साथ ही सुविधा शुरू हो जाएगी। शुरुआती चरणों में सूची में नाम आ जाएगा।

## हवा ने पकड़ी 20 की रफ्तार, मौसम हुआ ठंडा तापमान 3 डिग्री नीचे



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

चक्रवाती तूफान मोंथा के प्रभाव से शहर में मंगलवार को हवा की गति लगभग 20 किमी. प्रतिघंटा थी। इसके प्रभाव से अधिकतम तापमान 3 डिग्री नीचे चला गया जिससे मौसम में ठंडकता आ गई। दिनभर शहर में बूंदाबांदी का दौर चलता और बुधवार को भी कुछ इसी तरह की स्थिति रहने की संभावना है। तूफान 30 के बाद आगे बढ़ जाएगा, मगर बादल छंटने में तीन से चार दिन लगने के आसार हैं।

- चक्रवात मोंथा का असर, शहर में होती रही बूंदाबांदी

मोंथा तूफान मंगलवार की शाम आंध्रप्रदेश के तट से टकरा गया। इसके प्रभाव वहां सीमांत बारिश सौ किमी. प्रतिघंटे की रफ्तार से हवा चली। इस तूफान का प्रभाव दिनभर प्रदेश में बादल-बारिश और तेज हवा के रूप में नजर आया। बस्तर तथा बिलासपुर संभाग के एक दो स्थानों में बारिश हुई और प्रदेशभर में बाद छाने के साथ हवा की गति सामान्य से अधिक रही। शहर में वर्तमान में हवा की गति सामान्यतः 5 से 7 किमी. प्रतिघंटा होती है। मंगलवार को इसकी रफ्तार 18 से 20 किमी. प्रतिघंटा हो गई।

## फिर चला चाकू, पंडरीतराई में युवक पर किया हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



राजधानी रायपुर में अब चाकूबाजी की घटनाएं आम हो गई हैं। असामाजिक तत्वों में पुलिस का खौफ नहीं रहा, जिसके कारण अब नशे की हालत में भी लोग शहर में गुंडागर्दी, मारपीट सहित चाकूबाजी की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। मंगलवार को देवेंद्रनगर इलाके के पंडरीतराई क्षेत्र में भी एक ऐसी ही घटना में एक युवक पर आरोपी लड़के ने धारदार हथियार से हमला कर घायल कर दिया। इस घटना में आरोपी के साथ अन्य दो लड़के भी थे। पुलिस घटना के बाद तीनों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। देवेंद्र नगर थाना प्रभारी ने बताया कि मंगलवार शाम करीब 4.30 बजे पंडरीतराई इलाके में ओम मिश्रा नामक युवक से विवाद करते हुए एक लड़के पर किसी धारदार हथियार से हमला कर दिया। इस हमले में ओम की कमर के पास जख्म हुआ है। बताया जा रहा है कि इस घटना के दौरान आरोपी लड़के के साथ उसके अन्य दो साथी भी थे। जिस समय ओम पर हथियार से हमला हुआ, उस समय ओम के साथी ने बीच-बचाव करने का प्रयास भी किया। इस घटना में उसके हाथ में भी जख्म आया है। इधर घटना के बाद पुलिस ने घायल ओम को अस्पताल में दाखिल कराया है, वहीं आरोपियों की तलाश कर उन्हें हिरासत में लिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी नाबालिग प्रतीत होते हैं, इसलिए उनकी आयु को लेकर जांच की जा रही है। आयु के अनुसार ही इस मामले में अपराध दर्ज किया जाएगा।

### दो युवकों को लाठी-डंडे से पीटा

*एक अन्य मामले में शहर के महोबा बाजार इलाके के वीर शिवाजी नगर में मारपीट की घटना हो गई। कुछ युवकों ने दो युवकों की लाठी-डंडे से पिटाई कर उन्हें घायल कर दिया। आमानाका पुलिस के अनुसार प्रार्थी दीपक महोबिया निवासी वीर शिवाजी नगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 27 अक्टूबर की रात को करीब 1 बजे वह अपने दोस्त मुकेश यादव के घर से खाना खाकर टहलने निकले थे। इस दौरान गौरी गौरा चौक के पास कुछ लड़के ग्रुप बनाकर खड़े हुए थे। इनमें रवि शर्मा, सुमीत डेकावा सहित अन्य शामिल थे।*

## सीबीएसई स्कूलों में डिजिटल मोड से होगा पेमेंट, दूसरे बोर्ड में भी यही सिस्टम होगा लागू

**पारदर्शिता बढ़ाने नया प्रयोग, नवोदय विद्यालयों में भी लागू होगी यह व्यवस्था**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सीबीएसई स्कूलों में अब फीस का भुगतान ऑनलाइन मोड से किए जाने की तैयारी है। 'ईज ऑफ स्कूलिंग' विजन को आगे बढ़ाते हुए डिजिटल पेमेंट प्लेटफॉर्म के प्रयोग के बारे में नए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। स्कूल फीस जमा करने की प्रक्रिया में पारदर्शिता बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया है। शिक्षा मंत्रालय द्वारा एनसीईआरटी, सीबीएसई , नवोदय विद्यालय समिति, केंद्रीय विद्यालय समिति, टीचर एजूकेशन काउंसिल समेत सभी राज्य बोर्ड के चेयरमैन को पत्र लिखा गया है। ऐसे में राज्य बोर्ड से संबद्ध स्कूलों में भी भुगतान की यह प्रणाली लागू हो सकती है। आदेश के जरिए स्कूल में दाखिले की प्रक्रिया से लेकर परीक्षा फीस जमा करने की प्रक्रिया को कैश बेस्ड से डिजिटल पेमेंट की ओर ले जाने को कहा गया है। इसके लिए यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस, मोबाइल वॉलेट और नेट बैंकिंग जैसे डिजिटल भुगतान प्लेटफार्म का प्रयोग किया जा सकता है। पेरेंट्स को डिजिटल पेमेंट के सभी मौजूदा विकल्प दिए जाएंगे। छत्तीसगढ़ के स्कूलों में भी नए शैक्षणिक सत्र से यह सुविधा मिल सकती है।

- अभिभावकों और विद्यालय प्रबंधन के लिए आसान रहेगा फीस का हिसाब-किताब रखना





### अपार आईडी प्रमुख पहचान चिह्न


शिक्षा मंत्रालय के दिशा- निर्देशों के मुताबिक ऑनलाइन फीस जमा करने की प्रक्रिया में छात्र की यूनिक आईडी प्रमुख पहचान चिह्न होगी। ऑटोमेटेड परमानेंट एकेडमिक अकाउंट रजिस्ट्री यानी अपार एडमिशन आईडी का प्रयोग कर फीस जमा करवाई जा सकेगी। केंद्र सरकार के सरकारी स्कूलों में शिक्षा विभाग ने कई सुधार लागू किए हैं, जिसमें पॉइंट ऑप सेल मशीनों से फीस पेमेंट की सुविधा भी शामिल है। शिक्षा मंत्रालय ने सभी सरकारी, सरकारी सहायता प्राप्त और प्राइवेट स्कूलों को कहा है कि जहां तक संभव हो, फीस पेमेंट का डिजिटल मोड अपनाया जाए।

### शिकायतों की जांच में सुविधा

मंत्रालय का मानना है कि नकद भुगतान के बजाय डिजिटल भुगतान के कई फायदे हैं। अभिभावकों और छात्रों के लिए डिजिटल पेमेंट घर बैठे भुगतान करने की सुविधा सुनिश्चित करती है, वहीं पेरेंट्स को फीस के लिए बार- बार स्कूल विजिट करने की जरूरत नहीं रहेगी। इसके साथ ही स्कूलों के फाइनेंशियल मैकेनिज्म में पारदर्शिता होगी। स्कूलों के लिए फीस का हिसाब-किताब रखना भी आसान होगा। साथ ही फीस कलेक्शन की रीयल टाइम ट्रैकिंग भी हो सकेगी। शिक्षाविदों का कहना है कि फीस को लेकर अभिभावकों की जो शिकायतें होती हैं, उनके बारे में भी जांच आसान होगी। लेट फीस के लिए ज्यादा पैसा वसूलने को लेकर भी शिकायतें रहती हैं। वहीं डिजिटल पेमेंट सिस्टम में राज्यों के शिक्षा विभाग को भी जांच करने में आसानी होगी।

## एफपीपीएएस शुल्क की दो हिस्सों में वसूली से नवंबर में भी लगेगा महंगी बिजली का डबल झटका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



प्रदेशभर के 65 लाख बिजली उपभोक्ताओं को एफपीपीएएस शुल्क में थोड़ी राहत देने के लिए छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी इसका शुल्क ज्यादा होने पर इसको दो माह में बांटकर वसूली कर रही है। इससे एक माह थोड़ी राहत रही है, पर अब बीते माह का बकाया दूसरे माह में वसूलने से दूसरे माह में डबल झटका भी लग रहा है। नवंबर में जब अक्टूबर का बिल आएगा, तो इसमें भी महंगी बिजली का डबल झटका लगेगा। वैसे भी अगस्त से बिजली बिल हॉफ योजना का दायर कम करने के बाद घरेलू उपभोक्ताओं को हर माह 400 यूनिट पर हजार से 11 सौ रुपए ज्यादा देने पड़ रहे हैं। इसी के साथ जुलाई से बिजली भी 20 से 30 पैसे यूनिट महंगी हो गई है। बिजली का नया टैरिफ इस बार जुलाई से लागू होने के कारण वैसे ही बिजली महंगी हो गई है। ऐसे में जब अगस्त के बिल के समय एफपीपीएएस शुल्क तय हुआ तो यह 14.20 प्रतिशत आया।

- इस माह के शुल्क के साथ बीते माह का सात फीसदी शुल्क भी अक्टूबर के बिल के साथ वसूला जाएगा







**पाठक सूचना**

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

9827555678, 8224868411

## किशोरी का अश्लील फोटो खींचकर ब्लैकमेलिंग, नाबालिग लड़का गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के उरला क्षेत्र में एक किशोरी का अश्लील फोटो खींचकर उसे ब्लैकमेलिंग करने का मामला सामने आया है। अश्लील फोटो खींचने वाला आरोपी भी नाबालिग है, जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार किशोरी की उम्र करीब 14 वर्ष है, वहीं आरोपी लड़के की उम्र भी 15 वर्ष है। बताया गया कि

**ब्लैकमेलिंग कर दो लाख रुपए वसूले**

दोनों की मुलाकात कोचिंग में हुई थी, जिसके बाद दोनों गहरे दोस्त भी बन गए थे। इस दोस्ती का फायदा उठाते हुए एक दिन लड़के ने किशोरी का अश्लील फोटो खींचा और फिर उसी फोटो को वायरल करने की धमकी देते हुए उसे ब्लैकमेल करने लगा। पुलिस का कहना है कि लड़का फोटो वायरल करने की धमकी दिया करता था, जिससे परेशान होकर इसकी जानकारी उसने अपने परिजनों को दी। इसके बाद उसके पिता ने इसकी रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। पुलिस जांच में लड़के पर लगाए गए आरोप सही पाए गए, जिसके बाद इस मामले में अपराध दर्ज करते हुए उसे गिरफ्तार किया है। इधर दूसरी ओर यह बात भी सामने आ रही है कि लड़के ने अश्लील फोटो वायरल करने की धमकी देकर किशोरी से किस्तों में करीब दो लाख रुपए वसूले भी थे। हालांकि पुलिस ने इससे इनकार किया है।

## खबर संक्षेप

### 327 लाख की लागत से बनने वाले 33/11 केवी उपकेंद्र का भूमिपूजन आज

**तिल्दा नेवरा।** मुख्यमंत्री अधोसंरचना विद्युत विकास योजना के तहत नेवरा में नए 33/11 केवी उपकेंद्र निर्माण कार्य का भूमिपूजन कल, 29 अक्टूबर (बुधवार) को किया जाएगा। इस उपकेंद्र की अनुमानित लागत 327 लाख रुपए है। यह नया उपकेंद्र बीएनबी स्कूल रोड नेवरा में बनाया जा रहा है, जिससे क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था में सुधार होगा। भूमिपूजन समारोह 29 अक्टूबर को शाम 4:00 बजे बारात घर, गुरु घासीदास चौक नेवरा के पास आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथियों के रूप में मंत्री टंक राम वर्मा, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रकला खुमान वर्मा, उपाध्यक्ष पलक सुखवानी, भाजपा नेता राम पंजवानी और भाजपा मंडल अध्यक्ष द्वय मनोज निषाद एवं नरसिंग वर्मा उपस्थित रहेंगे। भाजपा पार्षद रानी सौरभ जैन ने समस्त नागरिकों से इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर सफल बनाने की अपील की है।

### नए विधानसभा भवन लोकार्पण की तैयारियों का रमन ने लिया जायजा

**रायपुर।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने मंगलवार को भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नवा रायपुर में नवीन विधानसभा भवन के लोकार्पण की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने भारत रत्न पूर्व प्रधान मंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा का अनावरण स्थल, पौधारोपण स्थल, सभा भवन, समूह छायाचित्र एवं मंचीय कार्यक्रम स्थल तथा प्रधानमंत्री के आगमन की समस्त तैयारियों की समीक्षा की एवं अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर संसदीय कार्य मंत्री केदार कश्यप, विधानसभा सचिव दिनेश शर्मा, नोडल अधिकारी नवीन विधान सभा उद्घाटन समारोह एस. प्रकाश, कलेक्टर रायपुर, लोक निर्माण विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, विधान सभा सचिवालय के वरिष्ठ अधिकारी एवं अन्य विभागों के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे ।

### डिप्टी सीएम साव सहित 3 मंत्रियों की निजी स्थापना में नई नियुक्ति

**रायपुर।** डिप्टी सीएम अरुण साव समेत तीन मंत्रियों ने अपनी निजी स्थापना से ओएसडी और लिपिकीय संवर्ग के कर्मचारियों को बदल दिया है। इनकी जगह नये पदस्थ किए गए हैं। जीएडी से जारी आदेशानुसार हाईस्कूल भरारी बिल्हा पदस्थ ग्रेड 2 लिपिक डिगेश्वर राव शिंदे की सेवाएं स्कूल शिक्षा विभाग से लेते हुए डिप्टी सीएम साव के यहां पदस्थ किया गया है।

### भाजपा बोली- एसआईआर को लेकर कांग्रेस फैला रही झूठ

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता शिवनारायण पाण्डेय ने कहा, एसआईआर को लेकर प्रदेश में कांग्रेस छूठ फैलाने का काम कर रही है। उनका कहना है, चुनाव आयोग की यह पहल भारतीय लोकतंत्र को मजबूती प्रदान करेगी और देशभर में चुनाव प्रणाली में आए दोषों को स्वमेव निवारण होगा।

---

**पर्व : महिलाओं ने छठी माई के गीत गाए और विधिवत पूजा अर्चना की**

# छठी मैया की पूजा कर व्रतधारियों ने उगते सूर्य को दिया अर्घ्य, उमड़ी भक्तों की भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिलयारी

सूर्य की उपासना का महापर्व छठ पूजा ग्राम सांकरा में मंगलवार को बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया गया। ग्राम के छोटे शीतल तालाब पर सुबह-सुबह भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी, जहां श्रद्धालुओं ने उगते सूर्य को अर्घ्य देकर अपनी आस्था प्रकट की। मुख्य रूप से बिहार और उत्तर प्रदेश के कई हिस्सों में मनाया जाने वाला यह पर्व सांकरा में स्थानीय लोगों ने मिलकर विशेष रूप से आयोजित किया। भक्तों ने तालाब के चारों ओर को रंग-बिरंगी झालरों और फूलों से सजाया था। पारंपरिक परिधान पहनी महिलाओं ने छठी माई के गीत गाए और विधिवत पूजा अर्चना की। सभी ने स्नान कर पवित्रता के साथ सूर्य देवता को अर्घ्य दिया। इस दौरान, भक्तों ने एक-दूसरे के साथ मिलकर खीर, ठेकुआ और अन्य विशेष व्यंजन बनाए और प्रसाद के रूप में वितरित किया, जिससे पूरे वातावरण में भक्ति और उत्साह का संचार हुआ।







### बन्नू बाई तालाब में उगते सूर्य को अर्घ्य, घाट निर्माण के लिए घोषणाएं

**तिल्दा नेवरा।** तिल्दा नेवरा में बिहारी समाज द्वारा सूर्य उपासना का महापर्व छठ पूजा श्रद्धा और भक्ति के साथ बन्नू बाई तालाब के तट पर मनाया गया। दो दिनों तक चले इस अनुष्ठान में सोमवार शाम को डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया गया और मंगलवार की सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य देकर पूजा कार्यक्रम का समापन किया गया। इस अवसर पर बिहारी समाज के लोगों के साथ-साथ अन्य समाज के हजारों नागरिकगण, जनप्रतिनिधिगण एवं गणमान्य नागरिक भी उपस्थित हुए और उन्होंने भी उगते सूर्य को अर्घ्य दिया। छठ पूजा स्थल बन्नू बाई तालाब पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने घाट निर्माण के लिए महत्वपूर्ण घोषणाएं की, ताकि भविष्य में व्रतियों को बेहतर सुविधाएँ मिल सकें। पार्षद रानी सौरभ जैन ने घाट निर्माण के लिए 2 लाख रुपए देने की घोषणा की। पार्षद संतोष यादव ने 1 लाख रुपए देने की घोषणा की। पार्षद ग्वालिन बाई कोसले ने भी घाट निर्माण के लिए सहयोग करने की बात कही। पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष महेश अग्रवाल ने आश्वासन दिया कि घाट निर्माण के लिए जो भी राशि कम पड़ेगी, उसे वे जरूर पूरा करेंगे। इस घोषणा के बाद छठ पूजा समिति, तिल्दा नेवरा के पदाधिकारियों व सदस्यों ने सभी जनप्रतिनिधियों के प्रति आभार व्यक्त किया। पूजा कार्यक्रम में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष महेश अग्रवाल, पार्षदगण रानी सौरभ जैन, संतोष यादव, श्रीमती ग्वालिन बाई कोसले, सौरभ जैन, पूर्व पार्षद सुधा चौबे और पूर्व पार्षद अजय तिवारी सहित बड़ी संख्या में नागरिक शामिल हुए। बता दें कि तिल्दा नेवरा में छठ पूजा की शुरुआत स्वर्गीय राकेश बिहारी के द्वारा की गई थी।

---

### कपसदा दुष्कर्म व बाल श्रम मामला में कांग्रेस ने फैक्ट्री सील करने की मांग

**धरसींवा ।** धरसींवा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दुर्गेश वर्मा ने ग्राम पंचायत कपसदा स्थित अर्थमेट रिसोर्स प्राइवेट लिमिटेड में हुई एक 3 वर्षीय आदिवासी बालिका से दुष्कर्म की घटना और फैक्ट्री में व्याप्त बाल श्रम व



महिला मजदूरों के शोषण के गंभीर मामले को एक बार फिर पुरजोर तरीके से उठाया है। वर्मा ने तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर घटना के दोषियों, फैक्ट्री प्रबंधन और ठेकेदार के खिलाफ तुरंत एफआईआर दर्ज करने, फैक्ट्री को तत्काल सील करने और न्यायिक जाँच की माँग की है। तहसीलदार को सौंपे ज्ञापन में दुर्गेश वर्मा ने बताया कि फैक्ट्री में कार्यरत ठेकेदार की कर्मी ने फैक्ट्री में काम करने वाली एक आदिवासी महिला मजदूर की 3 वर्षीय बालिका के साथ दुष्कर्म किया। उन्होंने इस कृत्य को अत्यंत निंदनीय और अमानवीय करार दिया। श्री वर्मा ने फैक्ट्री प्रबंधन पर मजदूरों के शोषण का आरोप लगाते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ की आदिवासी महिलाओं को खेत के बीच अस्थाई टिन शेड में रखा जाता है और उनसे प्रतिदिन 12 घंटे तक कार्य करवाया जाता है, जबकि उन्हें केवल 370 की मजदूरी दी जाती है, जो कानूनी अपराध है और श्रम शोषण की श्रेणी में आता है। घटना के समय सभी महिलाएँ ड्यूटी पर थीं, जिसका फायदा उठाकर आरोपी ने बच्ची के साथ इस घिनौने कृत्य को अंजाम दिया।

---

## एनएसएस का विशेष शिविर संकरी में शुरू

**अभनपुर।** नेताजी सुभाष महाविद्यालय, बेलभांठा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा 'आत्मनिर्भर भारत में युवाओं की भूमिका' विषय पर केंद्रित सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ 27 अक्टूबर से ग्राम संकरी (चंडी) में किया गया। प्राचार्य डॉ. व्हीके मिश्रा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए 55 स्वयंसेवकों को समाज सेवा के माध्यम से आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पंचायत प्रतिनिधि गिरिधर साहू, उपसरपंच खोमेश्वरी साहू, जनपद सदस्य ओमप्रकाश साहू, पूर्व उपसरपंच संदीप दीवान उपस्थित रहे। उनके साथ प्राध्यापक डॉ. राकेश तिवारी और डॉ. आशीष दीवान भी मौजूद थे। शिविर में कुल 55 स्वयंसेवकों ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम अधिकारी राकेश दिवाकर ने किया।



## मौसम के बदले मिजाज से किसानों की चिंता बढ़ी, हाथ से चल रही धान कटाई पर विराम

**आरंग।** मौसम वैज्ञानिकों के पूर्वानुमान के अनुरूप 27 अक्टूबर की शाम से क्षेत्र में हवा के तेज दौर के साथ हल्की बूंदाबांदी शुरू हो गई थी। वहीं 28 अक्टूबर की सुबह से ही आसमान में बादल छाए रहे। दिनभर ठंडी हवा और बीच-बीच में हो रही बूंदाबांदी ने मौसम का मिजाज पूरी तरह बदल दिया। इससे खेतों में हाथ से कटाई कर रहे किसानों की चिंता और बढ़ गई है।धान कटाई के सीजन में मौसम की यह अचानक करवट किसानों के लिए परेशानी का सबब बन गई है। जिन किसानों ने खेतों में /"छूटपुट" यानी हाथ से कटाई का काम शुरू कर दिया था, उन्हें कटाई बीच में ही रोकनी पड़ी। गीली मिट्टी और लगातार होती बूंदाबांदी के कारण फसल कटाई और ढुलाई दोनों में दिक्कतें बढ़ गई हैं। ग्रामीण अंचलों के कई किसानों ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से आसमान साफ रहने के कारण उन्होंने कटाई शुरू कर दी थी, लेकिन सोमवार को बदले मौसम ने उनकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया। अब किसान आसमान की ओर टकटकी लगाए बैठे हैं कि कब मौसम खुला मिले, ताकि कटाई का कार्य फिर से शुरू किया जा सके। मौसम विभाग के अनुसार अगले एक-दो दिनों तक हल्की बारिश और बादलों के बने रहने की संभावना है। ऐसे में किसानों को सलाह दी गई है कि वे जल्दबाज़ी न करें और फसल को सुरक्षित रखने के लिए धान के ढेरों को खुले में न छोड़ें। बदलते मौसम के कारण किसानों के चेहरों पर चिंता की लकीरें साफ देखी जा सकती हैं।

## पाइप लाइन टूटी, पालिका की तत्परता से शाम तक हुई जल आपूर्ति बहाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

पारागांव–निसदा मार्ग में रेलवे पटरी के पास भारत माला मार्ग निर्माण के दौरान पेयजल की मुख्य पाइपलाइन टूट जाने से आरंग नगर में पेयजल आपूर्ति प्रभावित हो गई थी। इस पर नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. संदीप जैन ने सक्रियता दिखाते हुए तत्काल मरम्मत हेतु अधिकारियों तथा कर्मचारियों को निर्देश दिए। पालिका के अधिकारी और कर्मचारी तुरंत मरम्मत कार्य में जुट गए तथा लगातार कार्य करते हुए शाम तक मरम्मत पूरा कर पानी टंकी तक जल पहुँचाने का कार्य प्रारंभ कर दिया। पेयजल जैसी महत्वपूर्ण समस्या के प्रति गंभीरता दिखाते हुए अध्यक्ष डॉ. संदीप जैन तथा सीएमओ शीतल चंद्रवंशी लगातार मॉनिटरिंग करते हुए आवश्यक दिशा–निर्देश देते रहे। इंजीनियर हरीश मांझी, केशनाथ साहू तथा पालिका स्टाफ ने मिलकर नागरिकों तक पेयजल उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। भारत माला प्रोजेक्ट के अधिकारियों द्वारा बिना किसी पूर्व सूचना के गड्ढे किए जाने पर अध्यक्ष डॉ. संदीप जैन ने नाराजगी व्यक्त करते हुए भविष्य में ऐसा कार्य नहीं करने के कड़े निर्देश दिए। आज सुबह से नागरिकों को नियमित रूप से पेयजल आपूर्ति शुरू हो जाएगी।



---

## अगले विधानसभा चुनाव से पहले हर मतदाता की जानकारी फिर से सत्यापित करेगा चुनाव आयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में मतदाता सूची को और अधिक सटीक व त्रुटिरहित बनाने के लिए अब विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया शुरू हो रही है। राज्य चुनाव आयोग ने इस संबंध में विस्तृत निर्देश जारी कर दिए हैं। देश के जिन 12 राज्यों में एसआईआर का ऐलान किया गया है, उनमें छत्तीसगढ़ भी शामिल है।

छत्तीसगढ़ के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी यशवंत कुमार ने संवाददाताओं से चर्चा में कहा, इस बार प्रदेश की सभी 90 विधानसभा सीटों की मतदाता सूची की बारीकी से जांच की जाएगी। हर मतदाता की जानकारी को फिर से सत्यापित किया जाएगा, ताकि 2028 के विधानसभा चुनाव से पहले वोटर लिस्ट पूरी तरह से अद्यतन और त्रुटिहीन हो। प्रक्रिया में नए मतदाता जोड़े जाएंगे, गलत या दोहराए गए नाम हटाए जाएंगे, और मृत व्यक्तियों के नाम सूची से निकाले जाएंगे।

### 13 प्रकार के दस्तावेज होंगे मान्य

छत्तीसगढ़ में फिलहाल 2 करोड़ 12 लाख से अधिक मतदाता हैं। इस विशेष पुनरीक्षण के लिए कुल 13 प्रकार के दस्तावेज मान्य होंगे। इनमें इनमें आधार कार्ड, पेंशन पहचान पत्र, जन्म प्रमाणपत्र, पासपोर्ट, मैट्रिक का प्रमाणपत्र, स्थानीय निवासी प्रमाणपत्र, वन अधिकार प्रमाणपत्र, जाति प्रमाणपत्र, मकान आवंटन प्रमाणपत्र, बैंक प्रमाण पत्र या पहचान पत्र, सरकार द्वारा पारिवारिक रजिस्टर शामिल हैं। चुनाव आयोग के अनुसार, लगभग 95 प्रतिशत मतदाताओं को किसी अतिरिक्त दस्तावेज की आवश्यकता नहीं होगी। सोमवार रात 12 बजे से राज्य की वोटर लिस्ट को फ्रीज कर दिया गया है। अब किसी भी तरह का नया नाम जोड़ना या सुधार करना केवल एसआईआर प्रक्रिया के माध्यम से ही संभव होगा।

### एक घर में तीन बार विजिट करेगा बीएलओ

बूथ लेवल ऑफिसर घर-घर जाकर फॉर्म 6, 7, 8 और 8A वितरित करेंगे। हर बीएलओ एक घर में तीन बार विजिट करेगा ताकि कोई भी पात्र मतदाता छूटने न पाए। एसआईआर की मदद से वोटर लिस्ट अपडेट की जाती है। 18 साल से ज्यादा के नए मतदाताओं को जोड़ा जाता है। चुनावी क्षेत्र से जा चुके लोगों का नाम हटाया जाता है। वोटर लिस्ट में नाम-पते की गलतियां ठीक की जाती है। बीएलओ घर-घर जाकर फॉर्म भरवाते हैं।

## सेंध जलाशय के पास पांच नवंबर को होगा भव्य एयर शो, युवाओं में उत्साह का माहौल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

राजधानी के नया रायपुर स्थित सेंध जलाशय के पास आगामी 5 नवम्बर को होने वाले भव्य एयर शो को लेकर लोगों, खासकर युवाओं में भारी उत्सुकता देखी जा रही है। शहर से लेकर गांवों तक इस कार्यक्रम को लेकर चर्चा का दौर जारी है। सोशल मीडिया पर भी एयर शो को लेकर उत्साह का माहौल देखने को मिल रहा है। जानकारी के अनुसार, इस दिन भारतीय वायुसेना की ओर से आधुनिक लड़ाकू विमान, हेलीकॉप्टर, एरोबेटिक टीम और स्काई डाइवर्स अपने रोमांचक हवाई करतबों का प्रदर्शन करेंगे। आसमान में उड़ते विमानों की गड़गड़ाहट और अद्भुत कौशल देखने का यह अवसर युवाओं के लिए रोमांच से भरपूर रहेगा। कार्यक्रम के सुचारू संचालन के लिए प्रशासन और पुलिस विभाग द्वारा सुरक्षा, पार्किंग और यातायात व्यवस्था को लेकर विशेष तैयारी की जा रही है। वहीं स्कूल-कॉलेजों के विद्यार्थी भी इस ऐतिहासिक क्षण को देखने के लिए उत्साहित हैं। 5 नवम्बर को नया रायपुर का आसमान वीरता, तकनीकी कौशल और देशभक्ति के रंगों से रंगने वाला है। यह एयर शो न केवल प्रदेशवासियों को रोमांचित करेगा, बल्कि युवाओं में देशसेवा और वायुसेना के प्रति गर्व की भावना को भी प्रबल करेगा।

## रायपुर जिला कबड्डी संघ के अनिल दुबे बने पुनः अध्यक्ष



**धरसींवा।** जिला कबड्डी संघ, रायपुर के निर्विरोध निर्वाचन के लिए आम सभा 26 अक्टूबर को होटल लैंडमार्क, मेन रोड पंडरी, रायपुर में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। इस चुनाव में सभी महत्वपूर्ण पदों पर पदाधिकारियों को पुनः निर्विरोध निर्वाचित किया गया जिसमे अध्यक्षः श्री अनिल कुमार दुबे सचिवः श्री सेवा राम साहू, कोषाध्यक्षः श्री भैया राम निर्मलकर, सह सचिव श्री छगनु राम साहू को चुना गया है। बता दे कि चुनाव प्रक्रिया को सुचारु रूप से संपन्न कराने के लिए धीरेन्द्र कुमार नशीने ने चुनाव अधिकारी की भूमिका निभाई, जबकि ओपी जायसवाल पर्यवेक्षक के रूप में उपस्थित रहे। इस महत्वपूर्ण आम सभा में प्रमोद कुमार साहू, पीएन टिकरिया, रामानंद यदु , जागेश्वर निर्मलकर, देवनाथ साहू, ब्रह्मानंद साहू, बुद्धेश्वरी मलागर, कविता पटले सहित जिला कबड्डी संघ रायपुर और रायपुर महानगर क्षेत्र कबड्डी संघ के विभिन्न पदाधिकारी विशेष रूप से उपस्थित थे।

---

**पहले हर साल 50 के करीब गायें भूख और प्यास से दम तोड़ देती थीं**

## सारागांव कांजी हाउस बना गोशाला, चरवाहों की नियुक्ति से बची सैकड़ों गायों की जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा

यह खबर सिर्फ एक गांव की सफलता की कहानी नहीं है, बल्कि उन तमाम गांवों के लिए एक प्रेरणा है जहां सड़क पर पसरे मवेशी एक राष्ट्रीय समस्या बन चुके हैं और कांजी हाउस मौत का घर। छत्तीसगढ़ के सारागांव ने एक छोटा लेकिन महत्वपूर्ण प्रयास कर यह साबित कर दिया है कि अगर इच्छाशक्ति हो तो बड़ी से बड़ी समस्या का समाधान संभव है। ग्रामीण की माने तो सारागांव के कांजी हाउस में पहले हर साल औसतन 50 के करीब गायें भूख और प्यास से तड़प-तड़प कर दम तोड़ देती थीं। कांजी हाउस इन बेसहारा पशुओं के लिए आश्रय नहीं, बल्कि एक 'जेल' से कम नहीं था, जहां चारे-पानी की पर्याप्त व्यवस्था नहीं हो पाती थी। भूख से व्याकुल गायें चारे के लिए आपस में लड़ती थीं, सींग मारकर एक-दूसरे को गिरा देती थीं, और कई तो उठ भी नहीं पाती थीं।

इस भयावह स्थिति को बदलने का सबसे बड़ा कारण बना कांजी हाउस की गायों के लिए चरवाहों की नियुक्ति। गायों के लिए चरवाहों की नियुक्ति के बाद कांजी हाउस अब जेल नहीं, बल्कि एक किसान के गोशाला की तरह हो गई है। अब ये चरवाहे हर सुबह गायों को चराने के लिए बाहर ले जाते हैं और शाम को सुरक्षित वापस लाते हैं। अब मवेशी दिन भर बाहर भरपेट चारा चरती हैं और जी भर के पानी पीती हैं। इसका परिणाम यह हुआ है कि अब कांजी हाउस में एक भी गाय की मौत नहीं होती, और सभी मवेशी हृष्ट-पुष्ट हैं। गांव के सरपंच धन्ना धीवर और उप सरपंच राजेंद्र यदु खुद इनकी सतत निगरानी करते हैं।



### राष्ट्रीय समस्या का समाधान इसी पहल में

ग्राम के ही सामाजिक कार्यकर्ता श्री भागवत साहू ने कहा कि यह पहल इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि छत्तीसगढ़ में ही करीब 16 हजार गांव हैं। यदि हर गांव के कांजी हाउस में औसतन 10 मवेशी भी मरते हैं, तो प्रदेश भर में करीब डेढ़ लाख गो-माताएं भूख-प्यास से मर जाती हैं! सारागांव ने राह दिखाई है कि इन लाखों गो-माताओं को मरने से बचाया जा सकता है, अगर सभी कांजी हाउस में चरवाहों की नियुक्ति की जाए। इसके अलावा, राजमार्ग के किनारे बसे सारागांव की सड़कों पर अब रात में गायें नहीं मंडरातीं क्योंकि वे सभी कांजी हाउस में चरवाहों के साथ सुरक्षित रहती हैं। सड़क पर पसरे मवेशी अब राष्ट्रीय समस्या बन चुके हैं, जिससे आए दिन लोगों को जान गंवानी पड़ रही है। माननीय हाईकोर्ट भी इस समस्या को लेकर चिंतित है। सारागांव का यह मॉडल साबित करता है कि इस गंभीर समस्या का निदान भी इसी पहल से संभव है।

## आध्यात्मिक संदेशों के साथ मनाया दीपावली मिलन समारोह

**आरंग।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय आरंग व समोदा में हर्षोल्लास के साथ दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं शांतिमय गीत से हुआ। इस अवसर पर संस्थान की संचालिका बी.के. लता दीदी ने आध्यात्मिकता और संस्कारों पर आधारित प्रेरणादायक विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि दीपावली केवल बाहरी प्रकाश का नहीं, बल्कि आत्मा में जागरूकता और सद्गुणों के दीप जलाने का पर्व है। जैसे दीपावली में हम घरों की सफाई करते हैं और दीप जलाते हैं, वैसे ही हमें अपने मन की सफाई कर आत्मा का दीप जलाना चाहिए। कार्यक्रम में बी.के. युगरतन भाई, जो माउंट आबू से पधारे थे, ने अपने संस्मरण साझा किए और दीपावली की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि सच्ची खुशी तब मिलती है जब हम अपने भीतर के विकारों को दूर कर आत्मशांति का दीप जलाएँ। किशन कश्यप ने दीपावली के रहस्य को बताते हुए सभी को दीपावली की शुभकामनाएँ दीं। कार्यक्रम का समापन प्रसाद वितरण और सामूहिक दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर मोहन साहू, जयशंकर यादव, डॉ. मनहरन साहू, उदयराम साहू, हरिचंद्रकार, दुलार राम एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।



HEALTH TOWN

आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आवुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
Dr. Rituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi vaidya
Sri Sri tattva
Bangalore
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# छत्तीसगढ़ में अब होगी पानी पाइप लाइन, ड्रेनेज, सीवरेज, बस टर्मिनल की जीआईएस मैपिंग


हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक पीएम गति शक्ति योजना का क्रियान्वयन अब छत्तीसगढ़ में किया जाएगा। इस काम के लिए राज्यभर से वाटर सप्लाई पाइप लाइन, ड्रेनेज, सीवरेज, बस टर्मिनल, बस डिपो का डाटा अनिवार्य रूप से जुटाया जाएगा। इसके लिए जीआईएस मैपिंग की जाएगी। राज्य सरकार के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने राज्य के सभी नगर निगम आयुक्त, सभी पालिकाओं और नगर पंचायतों के सीएमओ को निर्देश जारी किया है।

### ये जानकारी देना है अनिवार्य

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने राज्य के सभी निकायों को जारी निर्देश में कहा है कि भारत सरकार की महत्वपूर्ण योजना\\/" प्रधानमंत्री गति-शक्ति योजना \\/" अंतर्गत प्रदेश के समस्त नगरीय निकायों के विभिन्न जानकारियाँ दी जानी है। इसमें अनिवार्य रूप से वाटर सप्लाई पाइपलाइन, ड्रेनेज, सीवरेज बस टर्मिनल, बस डिपो का डाटा, एडीशनल लेयर रोड,सब्जी बाजार, स्टेडियम, कमर्शियल काम्प्लेक्स, उद्यान, ओवरहेड वाटर टैंक के समस्त डाटा का जीआईएस फॉर्मेट में मैपिंग कराया जाना है। यह जानकारी गूगल शीट के माध्यम से 15 दिनों में देने कहा गया है।

ये काम है पीएम गतिशक्ति योजना का हिस्सा
निकायों को 15 दिनों में देनी है जानकारी



### क्या है पीएम गतिशक्ति योजना

पीएम गति शक्ति एक राष्ट्रीय मास्टर प्लान है जिसका उद्देश्य मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी के लिए 16 से अधिक मंत्रालयों और विभागों को एक डिजिटल प्लेटफॉर्म पर लाना है। यह योजना बुनियादी ढांचे की परियोजनाओं की एकीकृत योजना और समन्वित कार्यान्वयन को सुनिश्चित करती है, जिसमें रेलवे, सड़क, बंदरगाह, जलमार्ग और हवाई अड्डे शामिल हैं। इसका लक्ष्य लॉजिस्टिक्स लागत को कम करना, आर्थिक विकास को गति देना और भारत में एक निर्बाध परिवहन नेटवर्क बनाना है।

### योजना की मुख्य विशेषताएं

**डिजिटल प्लेटफॉर्म** : एक डिजिटल प्लेटफॉर्म है जो विभिन्न मंत्रालयों की परियोजनाओं को एक साथ लाता है, जिससे योजना बनाने और उन्हें लागू करने के तरीके में क्रांति आती है।
एकीकृत योजनाः यह योजना विभिन्न मंत्रालयों के प्रयासों को एकीकृत करती है और यह सुनिश्चित करती है कि सभी परियोजनाएं एक-दूसरे के साथ समन्वय में हों।
**मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी**ः यह रेलवे, सड़क, बंदरगाह, जलमार्ग, हवाई अड्डे और मास-ट्रांसपोर्ट जैसे विभिन्न परिवहन साधनों को जोड़ती है, जिससे माल और लोगों की आवाजाही आसान हो जाती है।लॉजिस्टिक्स दक्षताः यह लॉजिस्टिक्स लागत को कम करने और आपूर्ति श्रृंखला को बेहतर बनाने पर केंद्रित है, जिससे भारत में विनिर्माण के लिए प्रतिस्पर्धात्मक लाभ मिलता है।
**त्वरित अनुमोदन**ः यह राइट-ऑफ-वे अनुमोदन जैसी प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने में मदद करता है, जिससे बुनियादी ढांचे के विकास को गति मिलती है।
समन्वित कार्यान्वयनः योजना में समन्वय की कमी को दूर करने और देरी को कम करने के लिए एक सुव्यवस्थित दृष्टिकोण अपनाया जाता है।
**डेटा एकीकरण**ः इसमें 1600 से अधिक डेटा लेयर के साथ 44 केंद्रीय मंत्रालयों और 36 राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों को एकीकृत किया गया है।

## खबर संक्षेप



### नए विधानसभा भवन लोकार्पण की तैयारियों का रमन ने लिया जायजा

**रायपुर।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने मंगलवार को भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नवा रायपुर में नवीन विधानसभा भवन के लोकार्पण की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने भारत रत्न पूर्व प्रधान मंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा का अनावरण स्थल, पौधारोपण स्थल, सभा भवन, समूह छायाचित्र एवं मंचीय कार्यक्रम स्थल तथा प्रधानमंत्री के आगमन की समस्त तैयारियों की समीक्षा की एवं अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर संसदीय कार्य मंत्री केदार कश्यप, विधानसभा सचिव दिनेश शर्मा, नोडल अधिकारी नवीन विधान सभा उद्घाटन समारोह एस. प्रकाश, कलेक्टर रायपुर, लोक निर्माण विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, विधान सभा सचिवालय के वरिष्ठ अधिकारी एवं अन्य विभागों के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे ।

### डिप्टी सीएम साव सहित 3 मंत्रियों की निजी स्थापना में नई नियुक्ति

**रायपुर।** डिप्टी सीएम अरुण साव समेत तीन मंत्रियों ने अपनी निजी स्थापना से ओएसडी और लिपिकीय संवर्ग के कर्मचारियों को बदल दिया है। इनकी जगह नये पदस्थ किए गए हैं। जीएडी से जारी आदेशानुसार हाईस्कूल भरारी बिल्हा पदस्थ ग्रेड 2 लिपिक डिगेश्वर राव शिंदे की सेवाएं स्कूल शिक्षा विभाग से लेते हुए डिप्टी सीएम साव के यहां पदस्थ किया गया है। इसी तरह से उच्च शिक्षा, राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा ने अपने ओएसडी डिप्टी कलेक्टर गौतम सिंह की सेवाएं मूल विभाग को वापस कर दी है।

### भाजपा बोली- एसआईआर को लेकर कांग्रेस फैला रही झूठ

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता शिवनारायण पाण्डेय ने कहा, एसआईआर को लेकर प्रदेश में कांग्रेस छूठ फैलाने का काम कर रही है। उनका कहना है, चुनाव आयोग की यह पहल भारतीय लोकतंत्र को मजबूती प्रदान करेगी और देशभर में चुनाव प्रणाली में आए दोषों को स्वमेव निवारण होगा। श्री पाण्डेय ने कहा, यह 28 अक्टूबर से शुरू होगा और 7 फरवरी को खत्म होगा। 103 दिनों में मतदाता सूची में सुधार, नए मतदाताओं का समावेश और सूची में त्रुटियों का निवारण किया जाएगा।

### बैठक में बनी रणनीति, हर मंडल को दिया गया एक-एक हजार का लक्ष्य

# मोदी की सभा में रायपुर शहर जिला भाजपा जुटाएगी 25 हजार की भीड़



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्योत्सव के रजत जयंती समारोह का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक नवंबर को करेंगे। उद्घाटन के बाद होने वाली सभा के लिए रायपुर शहर जिला भाजपा को 25 हजार की भीड़ जुटाने का लक्ष्य मिला है। मंगलवार को बैठक करके रायपुर के 20 मंडलों को एक-एक हजार की भीड़ लाने का लक्ष्य दिया गया है। इसी के साथ मोर्चा और प्रकोष्ठ को मिलाकर पांच हजार की भीड़ अलग से जुटेगी।

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में एक नवंबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आगमन की तैयारियों को लेकर भारतीय जनता पार्टी रायपुर जिले की महत्वपूर्ण बैठक प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, वरिष्ठ भाजपा नेता शिवरतन शर्मा एवं जिलाध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर के नेतृत्व में की गई है। भाजपा प्रदेश महामंत्री पवन साय ने कहा, छत्तीसगढ़ की 25वीं सालगिरह पर रायपुर आ रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पांच कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे। उन्होंने रजत जयंती महोत्सव को सभी कार्यकर्ताओं के द्वारा उत्साह के साथ इस आयोजन को सफल बनाने के लिए मार्गदर्शन दिया।

सभी कार्यकर्ताओं को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर प्रधानमंत्री का स्वागत करने के लिए उपस्थित होने का निर्देश दिया गया। रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत ने प्रधानमंत्री श्री मोदी के आगमन एवं उनके स्वागत के लिए अधिक से अधिक लोगों को कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की। जिलाध्यक्ष रायपुर शहर रमेश सिंह ठाकुर ने कहा, हमें प्रधानमंत्री के आगमन एवं उनके स्वागत के लिए तैयार रहना है। जगह-जगह उनका विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा स्वागत किया जाएगा। हमें उनके प्रवास की अभूतपूर्व सफलता के लिए एक रूपरेखा बनाकर कार्य करना है। बैठक में पुरंदर मिश्रा, भाजपा वरिष्ठ नेता शिवरतन शर्मा, प्रदेश मंत्री जयंती पटेल, महापौर श्रीमती मीनल चौबे, श्रीचंद सुंदरानी, सच्चिदानंद उपासने, रूप नारायण सिंहा, नंद कुमार साहू, लोकेश कावड़यि, सुभाष तिवारी, अमरजीत छाबड़ा, शशांक शर्मा, मोना सेन, मोहन एंटी, अंजय शुक्ला, नलिनीश ठोकने, रामकृष्ण धीवर, प्रफुल्ल विश्वकर्मा, जिला महामंत्री अमित मैशेरी, गुंजन प्रजापति, जिला उपाध्यक्ष अकबर अली, तुषार चोपड़ा, रोहित द्विवेदी रायपुर के सभी पार्षद, मंडल अध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद थे।

### जिला मुख्यालयों में 2 से 4 तक राज्योत्सव, तय हुए मुख्य अतिथि

राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों में 2 से 4 नवंबर तक भव्य राज्योत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिला मुख्यालयों में आयोजित कार्यक्रमों में राज्य के मंत्री, सांसद तथा विधायक मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। राज्य शासन ने प्रत्येक जिले के लिए मुख्य अतिथि के नामों की घोषणा की है। राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर सभी जिलों में सांस्कृतिक कार्यक्रम, लोकनृत्य, हस्तशिल्प प्रदर्शनी, स्थानीय उत्पादों की झांकी एवं विकासपरक योजनाओं से संबंधित स्टॉल लगाए जाएंगे। राज्योत्सव कार्यक्रमों का आयोजन जनभागीदारी और पारंपरिक गौरव के साथ गरिमामय ढंग से किया जाएगा ताकि प्रदेश की संस्कृति, विकास और एकता का संदेश पूरे राज्य में प्रसारित हो सके। राज्य शासन द्वारा जारी सूची के अनुसार राजनांदगांव जिला मुख्यालय में आयोजित राज्योत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. रमन सिंह विधानसभा अध्यक्ष और सरगुजा में मुख्य अतिथि कृषि मंत्री रामविचार नेताम होंगे। इसी प्रकार बिलासपुर जिला मुख्यालय में तोखन साहू केन्द्रीय राज्य मंत्री, बस्तर में उप मुख्यमंत्री अरूण साव तथा दुर्ग में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा जिला मुख्यालय में आयोजित राज्योत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि होंगे।

### दंतेवाड़ा में कश्यप, कोरिया में अग्रवाल

इसी प्रकार गरियाबंद में मंत्री दयालदास बघेल, दंतेवाड़ा में मंत्री केदार कश्यप, कोरबा में मंत्री लखन लाल देवांगन, जशपुर में मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल तथा रायगढ़ में मंत्री ओपी चौधरी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। सूरजपुर में मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, जांजगीर-चांपा में मंत्री टंकराम राम वर्मा, बालोद में मंत्री गजेन्द्र यादव, कोरिया में मंत्री राजेश अग्रवाल और मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में मंत्री गुरू खुशवंत साहेब जिला मुख्यालय में आयोजित राज्योत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि होंगे।

# सीईओ ने राजनीतिक दलों से पुनरीक्षण में मांगा सहयोग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- राजनीतिक दलों ने प्रक्रिया की ली पूरी जानकारी

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा छत्तीसगढ़ सहित 12 राज्यों में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की तिथियों की घोषणा कर दी गई है। इसी सिलसिले में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी यशवंत कुमार ने मंगलवार को सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की।

यह बैठक कार्यालय मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, छत्तीसगढ़ के सभागार में आयोजित की गई। इसका मुख्य उद्देश्य राज्य के सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को पुनरीक्षण कार्यक्रम की तिथियों और अन्य आवश्यक जानकारियों से अवगत कराना था। सीईओ यशवंत कुमार ने राजनीतिक दलों से आग्रह किया कि वे पुनरीक्षण के दौरान अपने बूथ स्तरीय एजेंटों के माध्यम से निर्वाचन आयोग के कर्मचारियों को पूरा सहयोग दें, ताकि छूटे हुए पात्र नागरिकों के नाम सूची में जोड़े जा सकें और मृत या स्थानांतरित मतदाताओं के नाम हटाए जा सकें। सीईओ यशवंत कुमार ने राजनीतिक दलों को पूरे एसआईआर से संबंधित महत्वपूर्ण तिथियों की भी जानकारी दी ।

### राजनीतिक दलों की रही सक्रिय भागीदारी

मतदाता सूची को त्रुटिरहित और पारदर्शी बनाने के लिए आयोजित इस बैठक में राज्य के प्रमुख राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई, जो इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य के प्रति उनकी गंभीरता को दर्शाता है।

### ये दल उपस्थित रहे

बहुजन समाज पार्टी, भारतीय जनता पार्टी, कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (मार्क्सवादी). इंडियन नेशनल कांग्रेस, आम आदमी पार्टी और नेशनल पीपुल्स पार्टी बैठक में शामिल रहे।

# अगले विधानसभा चुनाव से पहले हर मतदाता की जानकारी फिर से सत्यापित करेगा चुनाव आयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में मतदाता सूची को और अधिक सटीक व त्रुटिरहित बनाने के लिए अब विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया शुरू हो रही है। राज्य चुनाव आयोग ने इस संबंध में विस्तृत निर्देश जारी कर दिए हैं। देश के जिन 12 राज्यों में एसआईआर का ऐलान किया गया है, उनमें छत्तीसगढ़ भी शामिल है।

छत्तीसगढ़ के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी यशवंत कुमार ने संवाददाताओं से चर्चा में कहा, इस बार प्रदेश की सभी 90 विधानसभा सीटों की मतदाता सूची की बारीकी से जांच की जाएगी। हर मतदाता की जानकारी को फिर से सत्यापित किया जाएगा, ताकि 2028 के विधानसभा चुनाव से पहले वोटर लिस्ट पूरी तरह से अद्यतन और त्रुटिहीन हो। प्रक्रिया में नए मतदाता जोड़े जाएंगे, गलत या दोहराए गए नाम हटाए जाएंगे, और मृत व्यक्तियों के नाम सूची से निकाले जाएंगे।

### चार माह चलेगा एसआईआर

कार्यक्रम के अनुसार मुद्रण और प्रशिक्षण का चरण 28 अक्टूबर से 3 नवंबर 2025 तक चलेगा। घर-घर गणना 4 नवंबर से 4 दिसंबर तक होगी। मसौदा मतदाता सूची 9 दिसंबर को प्रकाशित की जाएगी। दावे और आपत्तियों के लिए 9 दिसंबर से 8 जनवरी 2026 तक का समय रहेगा, जबकि सुनवाई और सत्यापन 9 दिसंबर से 31 जनवरी तक चलेगा। अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 7 फरवरी 2026 को किया जाएगा।

### 13 प्रकार के दस्तावेज होंगे मान्य

छत्तीसगढ़ में फिलहाल 2 करोड़ 12 लाख से अधिक मतदाता हैं। इस विशेष पुनरीक्षण के लिए कुल 13 प्रकार के दस्तावेज मान्य होंगे। इनमें इनमें आधार कार्ड, पेंशन पहचान पत्र, जन्म प्रमाणपत्र, पासपोर्ट, मैट्रिक का प्रमाणपत्र, स्थानीय निवासी प्रमाणपत्र, वन अधिकार प्रमाणपत्र, जाति प्रमाणपत्र, मकान आवंटन प्रमाणपत्र, बैंक प्रमाण पत्र या पहचान पत्र, सरकार द्वारा पारिवारिक रजिस्टर शामिल हैं। चुनाव आयोग के अनुसार, लगभग 95 प्रतिशत मतदाताओं को किसी अतिरिक्त दस्तावेज की आवश्यकता नहीं होगी। सोमवार रात 12 बजे से राज्य की वोटर लिस्ट को फ्रीज कर दिया गया है। अब किसी भी तरह का नया नाम जोड़ना या सुधार करना केवल एसआईआर प्रक्रिया के माध्यम से ही संभव होगा।

### एक घर में तीन बार विजिट करेगा बीएलओ

बूथ लेवल ऑफिसर घर-घर जाकर फॉर्म 6, 7, 8 और 8**A** वितरित करेंगे। हर बीएलओ एक घर में तीन बार विजिट करेगा ताकि कोई भी पात्र मतदाता छूटने न पाए। एसआईआर की मदद से वोटर लिस्ट अपडेट की जाती है। 18 साल से ज्यादा के नए मतदाताओं को जोड़ा जाता है। चुनावी क्षेत्र से जा चुके लोगों का नाम हटाया जाता है। वोटर लिस्ट में नाम-पते की गलतियां ठीक की जाती है। बीएलओ घर-घर जाकर फॉर्म भरवाते हैं।

### सीएम साय बोले –निर्वाचन आयोग का कदम पारदर्शिता की दिशा में बड़ा निर्णय

देश में चुनावी पारदर्शिता को लेकर शुरू की गई एसआईआर प्रक्रिया का असर अब राज्यों तक पहुंच चुका है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस कदम का स्वागत करते हुए कहा, यह प्रक्रिया लोकतंत्र को और मजबूत बनाएगी। उन्होंने निर्वाचन आयोग को इसके लिए धन्यवाद दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा, एसआईआर प्रक्रिया एक अच्छा और पारदर्शी कदम है। यह चुनावी प्रक्रिया में विश्वास और जवाबदेही को बढ़ाएगा। हम निर्वाचन आयोग के इस फैसले का स्वागत करते हैं।

# आकाश तिवारी होंगे नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष

संदीप साहू की जगह आकाश तिवारी संभालेंगे नेता प्रतिपक्ष की कमान

### सामान्य सभा से पहले सभापति का फैसला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आखिरकार सामान्य सभा के एक दिन पहले नगर निगम सभापति सूर्यकांत राठौर ने नेता प्रतिपक्ष को लेकर चल रही अटकल पर विराम लगा दिया है। उन्होंने कांग्रेस पार्षद आकाश तिवारी को संदीप साहू की जगह नेता प्रतिपक्ष के रूप में मान्यता दे दी है। इसी के साथ 29 अक्टूबर को महात्मा गांधी सदन के सामान्य सभागार में आयोजित सामान्य सभा में आकाश तिवारी नेता प्रतिपक्ष के रूप में सदन सत्ता पक्ष को जनहित के मुद्दों पर घेरते नजर आएंगे। श्री तिवारी वर्तमान में पंडित रविशंकर शुक्ल वार्ड के पार्षद हैं। इस वार्ड से वे दूसरी बार पार्षद चुने गए हैं।

दरअसल, नगर निगम सभापति सूर्यकांत राठौर ने जिला कांग्रेस की अनुशंसा पर वीर सावरकर नगर वार्ड पार्षद संदीप साहू को नगर निगम का नेता प्रतिपक्ष घोषित कर दिया था। महापौर मीनल चौबे के कार्यकाल में पहली सामान्य सभा निगम बजट के रूप में आयोजित की गई जिसमें नेता प्रतिपक्ष के रूप में संदीप साहू ने कांग्रेस पार्षद का नेतृत्व किया। इसके बाद वन नेशन वन इलेक्शन के लिए बुलाई गई विशेष सामान्य सभा में नेता प्रतिपक्ष के रूप में संदीप साहू शामिल हुए। यही नहीं निगम सचिवालय की ओर से उन्हें महात्मा गांधी सदन में नेता प्रतिपक्ष के रूप में बकायदा कक्ष आवंटन कर संदीप साहू के नाम नेता प्रतिपक्ष वाली



पट्टिका लगाई गई जो आज तक इस कक्ष में लगी हुई है। बाद में प्रदेश कांग्रेस ने आकाश तिवारी को कांग्रेस पार्षद दल का नेता बना दिया। इसके बाद जिला कांग्रेस ने दोबारा नगर निगम सभापति सूर्यकांत राठौर को पत्र लिखकर संदीप साहू की जगह आकाश तिवारी को नेता प्रतिपक्ष के रूप में मान्यता देने कहा था, पर संदीप साहू इसके लिए तैयार नहीं थे। मगर 29 तारीख को सामान्य सभा की बैठक के पहले प्रदेश कांग्रेस की अनुशंसा को मानकर आकाश तिवारी को नेता प्रतिपक्ष घोषित कर दिया है। सूत्रों के मुताबिक इससे कांग्रेस में विवाद बढ़ने के आसार हैं। विदित हो नगर निगम में भाजपा के 61 पार्षद होने के साथ ही सदन में उनका बहुमत है, वहीं विपक्षी दल कांग्रेस के 8 पार्षद हैं, जबकि निर्दलीय 1 पार्षद हैं।

### स्वच्छता सर्वेक्षण में वार्ड को दूसरे नंबर पर लाया

पंडित रविशंकर शुक्ल वार्ड पार्षद और पूर्व एमआईसी सदस्य आकाश तिवारी ने पार्षद और एमआईसी सदस्य रहते हुए अपने वार्ड को स्वच्छता सर्वेक्षण में पूरे शहर में दूसरे नंबर पर लाने का काम किया। इसके चलते उनके वार्ड को नंबर 2 बेस्ट स्वच्छता अवार्ड के रूप में 10 लाख रुपए का पुरस्कार मिला।

### बचपन से कांग्रेस कमेटी से जुड़े, एनएसयूआई, यूथ कांग्रेस और जिला कांग्रेस

कमेटी में महत्वपूर्ण पदों पर सेवाएं दीं। उन्हें पहली बार कांग्रेस पार्टी ने पंडित रविशंकर शुक्ल वार्ड से पार्षद का टिकट दिया। पार्टी के भरोसे को बरकरार रखते हुए उन्होंने पहली बार में ही पार्षद चुनाव जीता। अब रायपुर नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष के अहम पद उन्हें जिम्मेदारी दी है। 29 अक्टूबर की सामान्य सभा में कांग्रेस पार्षद दल का नेतृत्व करने सदन में मौजूद रहेंगे।

# जन्म-मृत्यु प्रमाणपत्र अब पूरी तरह ऑनलाइन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- अक्टूबर 2023 के पूर्व जन्मे बच्चों के आधार कार्ड के लिए ऑनलाइन जन्म प्रमाणपत्र की कोई बाध्यता नहीं

भारत के महारजिस्ट्रार कार्यालय, नई दिल्ली द्वारा वर्ष 2023 में संशोधित ऑनलाइन पोर्टल लॉन्च किया गया है, जिसके माध्यम से राज्य में जन्म एवं मृत्यु प्रमाणपत्र ऑनलाइन बनाए जा रहे हैं। इस प्रकार, छत्तीसगढ़ राज्य में प्रत्येक जन्म एवं मृत्यु प्रमाणपत्र का ऑनलाइन बनाया जाना अनिवार्य किया गया है। राज्य में अक्टूबर 2023 के बाद से सभी जन्म प्रमाणपत्र केवल ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से बनाए जा रहे हैं, और वर्तमान में पोर्टल पूरी तरह से तकनीकी रूप से सुचारू रूप से संचालित है। उल्लेखनीय है कि जन्म-मृत्यु पंजीकरण अधिनियम, 1969 में वर्ष 2023 में संशोधन किया गया है। संशोधन के अनुसार अक्टूबर 2023 के बाद जन्मे बच्चों की जन्म तिथि प्रमाणित करने के लिए जन्म प्रमाण पत्र ही एकमात्र वैध आधार होगा। अर्थात, इस तिथि के पूर्व जन्मे बच्चों के मामलों में अन्य वैकल्पिक दस्तावेज भी जन्म तिथि के प्रमाण के रूप में मान्य रहेंगे। परंतु अक्टूबर 2023 के बाद जन्मे बच्चों के लिए केवल जन्म प्रमाण पत्र ही तिथि प्रमाण का एकमात्र स्रोत होगा। राज्य में अप्रैल 2023 के बाद से जन्मे प्रत्येक बच्चे के लिए ऑनलाइन जारी जन्म प्रमाण पत्र को ही मान्य किया गया है।

### जन्म तिथि प्रमाणित करने अन्य दास्तावेज मान्य

इस प्रकार स्पष्ट है कि अक्टूबर 2023 के पूर्व जन्मे बच्चों के जन्म तिथि प्रमाणन के लिए जन्म प्रमाण पत्र अनिवार्य नहीं है। उनके लिए अन्य दस्तावेज भी मान्य हैं। लेकिन अक्टूबर 2023 के बाद जन्मे बच्चों के लिए जन्म प्रमाण पत्र ही जन्म प्रमाण का एकमात्र आधार होगा। पूर्व में जिन बच्चों का जन्म प्रमाण पत्र मैन्युअल पद्धति से जारी किया गया था, उनके लिए भी अब पोर्टल में ऑनलाइन प्रमाण पत्र बनाने का प्रावधान उपलब्ध है। इससे पुराने प्रमाण पत्र भी डिजिटल स्वरूप में सुरक्षित किए जा सकेंगे।
**क्यूआरकोड पर ही आधार, राज्य सरकार ने मांगी सहायता** : यह संज्ञान में आया है कि कुछ जिलों में केवल उन्हीं जन्म प्रमाण पत्रों के आधार पर आधार कार्ड बनाए जा रहे हैं जिनमें क्यूआर कोड है।

HEALTH TOWN
आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
Dr. Rituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi vaidya
Sri Sri tattva
Bangalore
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आवुर्वद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130


SHRI KHATU SHYAM JYOTISH
15 वर्षों से आपकी सेवा में
प्रतिक्षा कक्ष
प्रतिक्षा कक्ष
पूजा स्थान
परामर्श कक्ष
जन्मकुण्डली विशेषज्ञ
पं. रविकांत शर्मा / पं. एस. के. शास्त्री
मोहनी स्पेशलिस्ट
हर मुश्किल से मुश्किल समस्या का समाधान
"ज्योतिष मेरा काम नहीं, मेरी साधना है"
"जब कहीं ना हो काम, तो हमसे ले समाधान"
ऑफिस आने पर मात्र ₹101/- फोन से परामर्श केवल ₹251/-
व्यापार बढ़ोतरी, किया कराया,
शादी के लिए माता-पिता को मनाना
जब कही ना हों काम, तो हमसे ले समाधान
पं. एस. के. शास्त्री
जन्मकुण्डली विशेषज्ञ
जन्म पत्रिका बनाई जाती है
• नवग्रह आदि समस्त प्रकार के ज्योतिष समाधान
• व्यापार, विवाह, नौकरी में प्रमोशन
• मकान - संतान योग
• दुकान, बच्चो के कैरियर मार्गदर्शन
• कालसर्प दोष निवारण
• प्रेम विवाह, मोहनी
• मांगलिक दोष निवारण
बुकिंग के लिए संपर्क करें : +91 7470674060
असुविधा से बचने के लिए आपॉइंटमेंट लेकर ही मिलें
नोट : मिलने के लिए अपॉइंटमेंट लेना आवश्यक है।
मिलने का समय : सुबह 9 से शाम 7 बजे तक
पोलसाय पारा चौक के पास, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)
संपर्क सूत्र :- पं. रविकांत शर्मा एवं पं. एस. के. शास्त्री : +919755964567

## खबर संक्षेप



### मनाया छठ महापर्व

रायपुर। श्री सुदर्शन संस्थानम आश्रम धूमधाम से छठ महापर्व मनाया गया और मंगलवार सुबह 5 बजे उगते सूर्य को अर्ध्य देकर छठ पर्व की उपासना पूर्ण हुई।

### एपीएल मरीजों की न्यूनतम दर पर होगी जांच

रायपुर। आंबेडकर अस्पताल की ओपीडी में आने वाले एपीएल श्रेणी के आयुष्मान कार्डधारकों को सीटी स्कैन और एमआरआई जांच की सुविधा न्यूनतम दर पर दी जाएगी। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने मरीजों की परेशानियों को ध्यान में रखते हुए परिषद की बैठक तक यह सुविधा देने कहा है। बीपीएल के मरीजों को यह सुविधा निशुल्क मिलती है। आंबेडकर अस्पताल में प्रतिदिन काफी संख्या में मरीज इन मशीनों से जांच कराने आते हैं। कुछ दिनों से आयुष्मान योजना पोर्टल के जरिए ओपीडी में इन जांचों हेतु ब्लॉकिंग सुविधा में दिक्कत आ रही थी, जिसे लेकर नाराजगी उभर रही थी।

### भारत में अंगदान एवं जीनो ट्रांसप्लांटेशन पर व्याख्यान

रायपुर। एम्स में पिछले दिनों "भारत में अंगदान और जीनोट्रांसप्लांटेशन बढ़ाने के उपाय" विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान डॉ. दीपांकर भौमिक प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष, नेफ्रोलॉजी एम्स नई दिल्ली ने प्रस्तुत किया। डॉ. भौमिक ने बताया कि भारत में हर वर्ष लगभग पांच लाख लोगों को अंग प्रत्यारोपण की आवश्यकता होती है। उन्होंने जनजागरूकता, मीडिया के माध्यम से प्रचार, और स्कूल-कॉलेजों में शिक्षा के ज़रिए अंगदान को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता बताई। ज़ीनोट्रांसप्लांटेशन के बारे में उन्होंने बताया कि जीन संपादन तकनीक जैसी वैज्ञानिक प्रगतियों ने इस क्षेत्र में नई रुचि जगाई है। 2024 में मैसाचुसेट्स जनरल हॉस्पिटल में किए गए पहले सफल सूअर से मनुष्य गुर्दा प्रत्यारोपण ने नई संभावनाओं के द्वार खोले हैं। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि भारत को इस तकनीक को अपनाने से पहले नैतिकता, जैव-सुरक्षा और नियामक ढांचे से संबंधित चुनौतियों को संबोधित करना होगा।

### एनएचएम कर्मचारियों को नियमितीकरण की उम्मीद

रायपुर। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के छत्तीसगढ़ आगमन को लेकर नई उम्मीद जागी है। छत्तीसगढ़ के वर्ष 2023 के विधानसभा चुनाव जनघोषणा पत्र "मोदी की गारंटी" में एनएचएम संविदा कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान एवं नियमितीकरण (संविलियन) का उल्लेख किया गया था। इसी आधार पर कर्मचारियों को विश्वास है कि प्रधानमंत्रीजी के इस दौरे से उनके भविष्य को लेकर कोई सकारात्मक घोषणा हो सकती है। प्रदेश में वर्तमान में लगभग 16 हजार से अधिक एनएचएम संविदा कर्मचारी कार्यरत हैं, जो ग्रामीण, शहरी एवं सुदूर वनांचल क्षेत्रों में उपस्वास्थ्य केंद्रों, आयुष्मान आरोग्य मंदिरों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, जिला अस्पतालों एवं मेडिकल कॉलेजों में पिछले लगभग 20 वर्षों से सेवाएं प्रदान कर रहे हैं।

# अक्षय नवमी पर वृद्धि और रवि योग समेत धनिष्ठा-शतभिषा नक्षत्र का संयोग

## सूर्योदय के आधार पर 31 को अक्षय नवमी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- 30 को प्रात: 10:06 बजे प्रारंभ होगी नवमी तिथि

अक्षय नवमी इस बार 31 अक्टूबर को मनाई जाएगी। नवमी तिथि की शुरुआत 30 अक्टूबर को प्रातः 10:06 बजे होगी और समापन 31 अक्टूबर को प्रातः 10:03 बजे पर होगा। चूंकि 31 तारीख को उदयातिथि है, इसलिए शास्त्रों के अनुसार इसी दिन व्रत और पूजा का विधान माना गया है। ज्योतिषियों की मानें तो कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि पर वृद्धि और रवि योग समेत कई मंगलकारी संयोग बन रहे हैं। वृद्धि योग का संयोग सुबह 6 बजकर 17 मिनट लगभग से पूर्ण रात्रि तक है। साथ ही रवि योग दिनभर है। अक्षय नवमी पर शिववास योग का भी निर्माण हो रहा है। बता दें कि आंवला नवमी को अक्षय नवमी भी कहा जाता है।

गौरतलब है कि अक्षय नवमी हिंदू धर्म में एक अत्यंत पुण्यदायी और शुभ तिथि मानी जाती है, जो हर साल कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की नवमी को मनाई जाती है। इस दिन का विशेष महत्व आंवला वृक्ष से जुड़ा है, जिसे दिव्य और औषधीय गुणों से भरपूर माना जाता है। मान्यता है कि इस दिन आंवले के पेड़ के नीचे बैठकर लक्ष्मी नारायण जी की पूजा की जाती है और वहीं भोजन पकाकर सबसे पहले भगवान विष्णु और शिवजी को भोग अर्पित किया जाता है। यह परंपरा न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि प्रकृति के प्रति सम्मान और श्रद्धा भी दर्शाती है।



### कौलव और तैतिल का भी योग

इस अक्षय नवमी पर रवि और शिववास योग के साथ कई दुर्लभ और पुण्यकारी योग बन रहे हैं। वृद्धि योग के बाद प्रातः 10:03 बजे तक शिववास योग भी रहेगा, जो पूजा-पाठ और शुभ कार्यों के लिए बेहद फलदायी होता है। इस दिन दो विशेष नक्षत्रों धनिष्ठा और शतभिषा का संयोग बन रहा है, जो शांति और समृद्धि के प्रतीक माने जाते हैं। इसके अलावा, दो शुभ करण कौलव और तैतिल भी इस दिन उपस्थित रहेंगे। इन योग में लक्ष्मी नारायण की पूजा करने से जीवन में सुख, सौभाग्य और मनोकामनाओं की पूर्ति होती है। शहर के मंदिरों में जहां आंवला के वृक्ष हैं, इस दिन विशेष पूजा होगी।

## पुरानी बस्ती के 4 रहवासियों को नोटिस देने का मामला

# वक्फ बोर्ड कार्यालय का विहिप-बजरंग दल ने किया घेराव, नोटिस वापस लेने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- हनुमान चालीसा का पाठ करते हुए नोटिस वापस लेने की मांग

दीपावली त्योहार के समय पुरानी बस्ती के लोगों को वक्फ बोर्ड द्वारा नोटिस दिए जाने का मामला गरमा गया है। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल ने मंगलवार को बोर्ड कार्यालय का घेराव कर जमकर नारेबाजी की। नोटिस प्राप्त 4 परिवार सहित आसपास के लोगों के साथ विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने वक्फ बोर्ड के काला कानून वापस लिए जाने की मांग करते हुए धरना दिया। बोर्ड कार्यालय के सामने महिलाओं ने हनुमान चालीसा का पाठ करते हुए नोटिस वापस लेने की मांग की।

दरअसल, पुरानी बस्ती इलाके में एक अरसे से रहने वाले 4 परिवारों को छत्तीसगढ़ वक्फ बोर्ड ने नोटिस दिया है, जिससे प्रभावित परिवार बेहद नाराज हैं। उनका कहना है, उनके पास जमीन के पूरे दस्तावेजे हैं, नगर निगम को हर साल टैक्स पटाते हैं, फिर किस आधार पर नोटिस दिया गया?



बोर्ड दफ्तर घेराव से पहले दल के कार्यकर्ता प्रभावितों के साथ बैजनाथ मंदिर मोतीबाग चौक में एकत्र होकर रैली के रूप में वक्फ बोर्ड कार्यालय पहुंचे। वहां पुलिस की चाक चौबंद व्यवस्था थी। सड़क पर प्रदर्शन से ट्रैफिक व्यवस्था कुछ देर के लिए प्रभावित रही।

### त्योहार के समय

नोटिस भेजकर परेशान करने को लेकर प्रभावित परिवार के साथ विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को सड़क पर उतरकर प्रदर्शन किया। उनका कहना है कि नोटिस वापस नहीं होने पर आंदोलन और बड़ा किया जाएगा। विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष भगवती प्रसाद शर्मा ने कहा कि पुरानी बस्ती के 4 परिवारों को वक्फ बोर्ड ने नोटिस जारी किया है, बोर्ड की नजर में 10 से 12 मकान और भी हैं। हम वक्फ बोर्ड के काले कानून के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं। यदि प्रदर्शन नहीं करते तो प्रत्येक हिंदू समाज पर समस्याएं, आएंगी। हम शासन का ध्यान आकर्षित कर काला कानून को हटाने का आग्रह कर रहे हैं। वहीं हिंदू समाज से आग्रह है कि वह अपनी संपत्ति के लिए सचेत रहे। अधिकारों का हनन हो रहा है। उनका ये भी कहना है कि बोर्ड के अध्यक्ष ने नोटिस क्यों भेजे? प्रभावित परिवारों का कागज देखा होता, बैठकर चर्चा करते पर ऐसा नहीं हुआ, वक्फ बोर्ड अपना भी कागज बताए।

# वेतन वृद्धि की मांग, जिला सहकारी बैंक कर्मी 12 से करेंगे अनिश्चितकालीन हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- हाईकोर्ट के आदेश की अवहेलना

हाईकोर्ट के निर्देश के बाद भी पिछले पांच साल से वार्षिक वेतन वृद्धि नहीं दिए जाने से जिला सहकारी बैंक के कर्मी नाराज हैं। शासन से बार-बार पत्राचार के बाद भी मामले में कोई सार्थक पहले न किए जाने से अब आंदोलन की रणनीति तैयार की है। आंदोलन के संबंध में राज्यपाल, मुख्यमंत्री, सहकारिता मंत्री, सभी जिला कलेक्टरों को इसकी सूचना भेज दी है। बताया गया है कि 29 अक्टूबर से 2 नवंबर तक बैंक कर्मी काली पट्टी लगाकर काम करेंगे। 3 से 5 नवंबर तक बैंक मुख्यालय और शाखा कार्यालयों में सुबह 10.30 से लेकर 11.30 बजे तक कलम बंदी और नारेबाजी की जाएगी। 6 नवंबर को सामूहिक अवकाश लेकर शाखा कार्यालयों के सामने रना दिया जाएगा। 7 नवंबर को धमतरी और गरियाबंद जिलों में नारेबाजी की जाएगी। 10 तारीख को नोडल कार्यालय महासुंद में नारेबाजी की जाएगी। सहकारी बैंक के कर्मचारियों ने यह भी निर्णय लिया है कि अब उनकी मांगे पूरी नहीं की जाएंगी, तो 12 नवंबर से अनिश्चित कालीन हड़तान पर जाएंगे।

### मुख्यालय सहित 73 शाखाओं पर असर

जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के कर्मचारियों के आंदोलन से बैंक के 73 शाखाओं पर असर पड़ेगा। फलस्वरूप छग शासन की धान खरीदी व्यवस्था एवं भुगतान, सभी बैंकिंग कार्य सहित बैंक द्वारा संपादित किये जाने वाले समस्त शासकीय कार्य बंद रहेंगे। जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी बैंक प्रबंधन, आयुक्त सहकारिता एवं पंजीयक, सहकारी संस्थाएं, छग एवं शासन प्रशासन की होगी।

### इन पदाधिकारियों ने किया जारी

जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के कर्मचारी संघ के अध्यक्ष मोहनलाल साहू, उपाध्यक्ष उत्तरा दास जांगड़े, सचिव अविनाश शर्मा, कोषाध्यक्ष सुशील कुमार यदू ने जारी बयान में कहा है कि 2021 से देय वेतन वृद्धि स्वीकृत न किए जाने से समस्त कर्मचारी आंदोलन में जाने के लिए बाध्य हैं। शासन से लगातार पत्राचार किए जाने के बाद भी इन पर कोई निर्णय नहीं लिया गया है।

# घर से लापता महिला की तालाब में मिली लाश आत्महत्या की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र के खो-खो तालाब में मंगलवार को एक महिला की लाश मिली। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी।

मृतका की शिनाख्ती से पुलिस को पता चला कि मृतका एक दिन पहले से घर से लापता हो गई थी, जिसकी गुमशुदी की सूचना थाने में उसके परिजनों ने दी थी। प्रारंभिक जांच में पुलिस इसे आत्महत्या मान रही है।



### मानसिक रूप से कमजोर थी मृतका

पुरानी बस्ती पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कुछ स्थानीय लोगों ने थाने में सूचना दी कि तालाब में एक महिला की लाश तैर रही है। इस सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर गोताखोरों की मदद से शव को तालाब से बाहर निकालवाया और उसकी शिनाख्ती की। इससे पता चला कि मृतका रवीना (55) पुरानी बस्ती में ही रहती थी। वह एक दिन पहले से घर से कहीं चली गई थी, जिसकी सूचना उसके परिवार के सदस्यों ने थाने में दी थी। मृतका के परिवार के सदस्यों ने पुलिस को बताया था कि वह मानसिक रूप से कमजोर थी, जिसका इलाज भी चल रहा था। परिवार वालों के बयान के आधार पर पुलिस आशंका जता रही है कि संभवतः अपनी बीमारी के कारण उसने आत्महत्या की है या फिर तालाब में गिरकर डूबने से उसकी मौत हुई है। बहरहाल पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम कराने के बाद उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

# स्पॉ संचालक-मैनेजर को बंधक बनाकर लूट करने वालों में 3 की हुई पहचान, तलाश जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- पुलिस सरगर्मी से उनकी तलाश में जुटी हुई है

राजधानी रायपुर के राजेंद्रनगर इलाके में स्पॉ संचालक और उसके मैनेजर को बंधक बनाकर लूट की घटना को अंजाम देने वाले आरोपियों में पुलिस ने तीन की शिनाख्ती कर ली है। इन तीनों की पहचान होने के बाद पुलिस सरगर्मी से उनकी तलाश में जुटी हुई है। इधर पुलिस का कहना है कि तीनों आरोपियों ने फरार होने के बाद अपने-अपने मोबाइल नंबर भी बंद कर दिए हैं। पुलिस कहना है कि इन तीनों आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद इस घटना में शामिल अन्य आरोपियों की भी पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा।


स्पॉ सेंटर संचालक से लूट कांड में डकैती का केस दर्ज

### सीसीटीवी फूटेज अभी तक खंगाले नहीं गए

राजेंद्रनगर क्षेत्र में संचालित स्पॉ सेंटर में रविवार रात को लगभग 20 लोग जबरन प्रवेश कर स्पा संचालक सन्नी मनमानी एवं उसके मैनेजर को बंधक बनाकर लूट कर फरार हो गए थे। इस घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने डकैती का अपराध दर्ज किया है। इस घटना के दौरान सभी ने एक साथ स्पा सेंटर में प्रवेश किया था और लूट कर फरार हो गए। बताया जा रहा है कि जिस रास्ते से सभी लोग स्पा सेंटर पहुंचे और फरार हुए, उस मार्ग पर कई जगह सीसीटीवी कैमरे भी लगे हुए हैं, लेकिन पुलिस ने अभी तक सीसीटीवी कैमरों को खंगाला ही नहीं है, जिसके कारण अभी तक सभी आरोपियों की पहचान भी नहीं हो पाई है। हालांकि जिन तीन आरोपियों की पहचान की गई है, वे तीनों राजेंद्रनगर क्षेत्र के ही निवासी है। हालांकि तीनों के नाम अभी उजागर नहीं किए गए हैं। पुलिस का कहना है कि स्पा सेंटर के संचालक ने तीनों की पहचान की है, लेकिन तीनों अभी संदिग्ध हैं, इसलिए नाम उजागर करना अभी सही नहीं होगा।

# जीएसटी शिकायत निवारण समिति बैठक में कैट ने दिए विसंगतियां दूर करने सुझाव

## नवा रायपुर अटल नगर के नए सर्किट हाउस सभागार में बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कैट ने जीएसटी के शिकायत निवारण समिति की बैठक में जीएसटी के सरलीकरण और विसंगतियों को दूर करने सुझाव दिए हैं।

प्रमुख सुझाव में ई-इन्वॉइसिंग की स्थिति में खरीददार को इनपुट अनिवार्य रूप से मिलने और धारा 126 का विस्तार कर धारा 73 को करने संबंधी सुझाव शामिल है।

नवा रायपुर के अटल नगर स्थित नए विश्रामगृह के कॉन्फ्रेंस हॉल में राज्य स्तरीय शिकायत निवारण समिति की बैठक आयोजित हुई। जिसमें कैट ने जीएसटी के सरलीकरण एवं विसंगतियों को दूर करने सुझाव दिए। कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन अमर पारवानी, प्रदेश चेयरमैन विक्रम सिंहदेव, प्रदेश अध्यक्ष परमानंद जैन ने संयुक्त रूप से बताया राज्य स्तरीय शिकायत निवारण समिति बैठक में विभिन्न व्यापारिक-औद्योगिक संगठनों एवं पदाधिकारियों से प्राप्त सुझावों को लेकर कैट का एक प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य आयुक्त केंद्रीय जीएसटी पराग चकोर बोरकर, राज्य जीएसटी आयुक्त, पुष्पेन्द्र कुमार मीणा से मिलकर जीएसटी के सरलीकरण के संबंध में बिंदुवार सुझाव दिए। इन सुझावों में एचएसएन कोड मानकीकरण, कंपोजिशन डीलर टर्नओवर सीमा में वृद्धि,जीएसटीआर-3बी में संशोधन की सुविधा वार्षिक रिटर्न में सुधार सहित अन्य सुझाव शामिल है।

बैठक में कैट एवं युवा कैट के पदाधिकारी सुरिंदर सिंह, राकेश ओचवानी, राजेंद्र खटवानी, प्रीतपाल सिंह बग्गा, रौनक पटेल, गिरीश पटेल, बलराम रोहरा, लीगल एवं तकनीक टीम से सीए किशोर बरडिया सहित अन्य सदस्य प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।



- वार्षिक रिटर्न में सुधार सहित अन्य सुझाव शामिल

## बिजनेस साइट

# रेडीमेड गारमेंट सेल में अब भी जारी 'दिवाली धमाका ऑफर'



रायपुर। शहरवासी इस बार दिवाली के बाद भी फैशन की रौनक का आनंद उठा रहे हैं। ओसीएम चौक, गोलछा प्लाजा के पास स्थित हकीमी आर्केड में रेडीमेड गारमेंट्स की जबरदस्त सेल जारी है। यहां ग्राहकों को अब भी ब्रांडेड और प्रीमियम क्वालिटी के परिधानों पर भारी छूट दी जा रही है। सेल में मेंस, लेडीज और किड्स तीनों केटेगरी में कपड़ों की बड़ी रेंज उपलब्ध है। ग्राहक यहां टी-शर्ट, शर्ट, जीन्स, ट्राउजर, टॉप्स, प्लाजो, लेगिंग्स, फ्रॉक और अन्य परिधानों के कई विकल्प पा रहे हैं। सभी वस्त्र गुणवत्तापूर्ण फैब्रिक और आधुनिक डिजाइनों में उपलब्ध हैं। संचालक के अनुसार, हमारा उद्देश्य है कि ब्रांडेड गारमेंट्स को सीधे आम जनता तक पहुंचाया जाए, ताकि हर वर्ग के लोग दिवाली की खुशियों का हिस्सा बन सकें। ग्राहक यहां आकर कपड़े देख सकते हैं, परख सकते हैं, छूकर अनुभव कर सकते हैं और फिर खरीदारी कर सकते हैं।

# सभापति ने सामान्य सभा को लेकर पार्षदों की ली बैठक

## सभापति ने पार्षदों से कहा, नगर विकास के एजेंडों पर खुलकर रखें विचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- बैठक में महापौर मीनल चौबे, शहर भाजपा अध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर रहे उपस्थित

नगर निगम सभापति सूर्यकांत राठौर ने 29 अक्टूबर को प्रातः 11 बजे आयोजित होने वाली सामान्य सभा की बैठक के पूर्व मंगलवार को महात्मा गांधी सदन के सभापति कक्ष में सत्ता पक्ष, प्रतिपक्ष और निर्दलीय पार्षदों की बैठक बुलाई। बैठक में महापौर मीनल चौबे, रायपुर शहर भाजपा अध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर उपस्थित रहे।

सभापति कक्ष में सामान्य सभा को लेकर बुलाई गई बैठक में नगर निगम सभापति सूर्यकांत राठौर ने सभी पार्षदों से नगर निगम की सामान्य सभा के व्यवस्थित संचालन में सकारात्मक सहयोग देने कहा।



श्री राठौर ने बैठक में मौजूद पार्षदों को सदन के सामने अपनी बात खुलकर रखने के लिए प्रोत्साहित किया। खासकर पहली बार निकाय चुनाव जीतकर पार्षद बनने वालों की हौसला अफजाई करते हुए सभापति ने कहा कि नगर हित के एजेंडों पर उन्हें अपनी बात रखने का पूरा मौका मिलेगा, इसलिए बिना संकोच के अपनी बात सामान्य सभा में जरूर रखें, ताकि सामान्य सभा में एक सार्थक चर्चा के माध्यम से राजधानी का विकास मार्ग प्रशस्त हो सके।



हरिभूमि

रायपुर, बुधवार 29 अक्टूबर 2025

लाइव

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937




छठ महापर्व राजधानी में धूमधाम से मनाया गया। मंगलवार को सुबह 4 बजे से ही खारुन नदी स्थित महादेवघाट पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। छठ महापर्व के चौथा और आखिरी दिन श्रद्धालुओं-व्रतियों ने उगते सूर्य को अर्ध्य देकर अपने 36 घंटे के उपवास को पूर्ण किया। महादेवघाट सहित बोरियाखुर्द तालाब, व्यास तालाब भनपुरी, आमापारा तालाब घाट पर श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। इस दौरान आम लोगों से लेकर नेताओं तक सभी भगवान सूर्य की पूजा में उत्साहित नजर आए। चार दिनों तक मनाया जाने वाला छठ पर्व भगवान सूर्य और छठी मइया को समर्पित है। इस पूजा का चौथा और आखिरी दिन विशेष रूप से ऊषा अर्ध्य के रूप में जाना जाता है।

● चार दिनों तक छठ पूजा धूम, आखिरी दिन खारुन नदी स्थित महादेवघाट पर विधि-विधान से छठ महापर्व संपन्न

# उगते सूर्य को अर्घ्य देकर पूरा किया छठी मइया का व्रत, घाट पर उमड़ा आस्था का सैलाब

**रायपुर।** छठ व्रती महिलाओं ने घाट के किनारे विधि-पूर्वक छठी मइया की पूजा-अर्चना की। लोगों ने छठी मइया और सूर्यदेव से अपने परिवार की सुख-समृद्धि, लंबी आयु और खुशहाली की कामना की। इस दौरान नदी व तालाब घाटों पर छठ गीत गूंजते रहे। सुबह से ही महादेवघाट पर लोक आस्था के इस महापर्व में शामिल होने से श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। भगवान सूर्य में श्रद्धालुओं की अटूट आस्था नजर आई। छठ महापर्व चार दिवसीय होता है। पहले दिन नहाय-खाय के साथ इसकी शुरुआत होती है, जिसमें व्रती स्नान कर सात्विक आहार ग्रहण करते हैं। दूसरे दिन खरना होता है। इस दिन शाम के समय गुड़, दूध और चावल से खीर बनाई जाती है। खरना में पूरे दिन निर्जला व्रत रखा जाता है और शाम को खीर खाकर निर्जला उपवास शुरू होता है। तीसरे दिन डूबते सूर्य को पहला अर्ध्य दिया जाता है। इसके बाद चौथे यानी आखिरी दिन उगते सूर्य को दूसरा अर्ध्य देकर व्रत का पारण किया जाता है।







## सूर्य भगवान व छठी मइया के जयकारों से गूंज उठा नदी घाट

महिला व्रतियों ने पारंपरिक वेशभूषा व साज-श्रृंगार कर छठ घाट पर पूजा सामग्री के साथ विधि-विधान से नियम-परंपरा अनुसार व्रत पूरा किया। हाथों में प्रसाद का सूपा थामे व्रती महिलाओं ने पानी में खड़े होकर भगवान सूर्य की उपासना की। सूर्य की पहली किरण दिखाई देते ही जयकारों के साथ अर्ध्य अर्पित किया गया। भारी संख्या में श्रद्धालु, विशेष रूप से महिलाएं, पारंपरिक परिधानों में सज-धज कर एकत्रित हुई थीं।



## ठेकुआ, केला और मिठाई की बांटी प्रसादी

व्रत का पारण पूजा में चढ़ाए गए प्रसाद जैसे ठेकुआ, केला और मिठाई आदि खाकर किया जाता है। पारण उषा अर्ध्य के बाद ही किया जाता है, साथ ही बड़े-बुजुर्गों का आशीर्वाद लेकर छठी मइया का प्रसाद सभी को बांटा जाता है। इस तरह से विधि-विधान से छठ पूजा को श्रद्धालु संपन्न करते हैं। एक तरह से यह नदी, सूर्य, फल-फूल-अन्न के रूप में प्रकृति की उपासना होती है।

## भक्ति-उल्लास से व्रतधारी दिखे सराबोर

सुबह होने से पहले ही जगमग दीयों व लाइटिंग से नदी घाट में रोशनी बिखरी रही। पारंपरिक रूप से नदी घाट पर छठ पूजा करते श्रद्धालुओं ने पीतल के लोटे से उगते सूर्य का जलाभिषेक कर अर्ध्य दिया। छठ घाट पर भक्ति व उल्लास का वातावरण बना रहा। श्रद्धालु एक-दूसरे को छठ पूजा की बधाई देते रहे। श्रद्धालु छठ पूजा की भक्ति रस में सराबोर नजर आए।





## सुबह प्रातः 6 बजकर 30 मिनट पर व्रती महिलाओं ने सूर्य को दिया अर्ध्य

मंगलवार सुबह प्रातः 6 बजकर 30 मिनट पर व्रती महिलाओं ने आमा तालाब घाट के पवित्र जल में खड़े होकर सूर्यदेव को पूर्ण विधि-विधान से अर्ध्य अर्पित किया। भगवान सूर्यदेव को प्रातःकालीन अर्ध्य देने के साथ महापर्व छठ का समापन हुआ। चार दिवसीय इस अनुष्ठान के दौरान छठ पूजा की भव्य परंपरा के अद्भुत दिव्य दर्शन छठ घाटों पर हुए। छठ पूजन समिति के अध्यक्ष रमेश शर्मा ने बताया कि छठ महापर्व का आखिरी दिन उगते सूर्य को अर्ध्य दिया गया। महापर्व 25 अक्टूबर को नहाय-खाय से शुरू हुआ, जो 4 दिन बाद मंगलवार को उगते सूरज को 'ऊषा अर्ध्य' के साथ समापन हो गया। सुबह 3 बजे से व्रती महिलाओं ने पवित्र बेदी के समक्ष बांस की टोकनी, जिसे कोसी कहा जाता है, कोसी में मौसमी फल, ठेकुआ, गुड़ आदि लेकर पुरुष वर्ग अपने सिर पर उठाकर अपने घरों से पैदल बाजे-गाजे के साथ छठ घाट पहुंचे।

## श्रद्धालुओं के साथ छठ पूजा में शामिल हुए जनप्रतिनिधि

इस अवसर पर उत्तर विधानसभा के विधायक पुरंदर मिश्रा ने घाट पर नौका विहार कर सभी श्रद्धालुओं का अभिवादन कर सभी को छठ पर्व की शुभकामनाएं दीं। साथ ही जवाहर नगर मंडल अध्यक्ष संदीप जंघेल, तात्यापारा वार्ड की पार्षद एवं जोन 7 अध्यक्ष श्वेता विश्वकर्मा, इंदिरा गांधी वार्ड के पार्षद एमआईसी सदस्य अवतार सिंह बागल, पूर्व पार्षद भारती बागल, कांग्रेस प्रवक्ता सुबोध हरितवाल, सचिव अमित तिवारी, अमित शर्मा (लल्लू), युवा मोर्चा महामंत्री अर्पित सूर्यवंशी, मंत्री अश्विनी विश्वकर्मा, मीडिया प्रभारी प्रणीत जैन विशेष रूप से उपस्थित रहे।

एजूकेशन लाइव

# रेलवे में जूनियर इंजीनियर के 2569 पदों पर रजिस्ट्रेशन 31 अक्टूबर से होंगे शुरू




**रायपुर।** रेलवे भर्ती बोर्ड की ओर से जूनियर इंजीनियर के कुल 2569 पदों पर भर्ती के लिए ऑफिशियल नोटिफिकेशन जारी कर दिया गया है। जो उम्मीदवार रेलवे में बतौर जूनियर इंजीनियर के पदों पर नौकरी करना चाहते हैं, वे जल्द ही इन पदों पर ऑनलाइन माध्यम से आवेदन कर सकेंगे। इन पदों पर आवेदन प्रकिया 31 अक्टूबर से शुरू हो जाएगी। साथ ही इन पदों पर आवेदन करने की अंतिम तिथि 30 नवंबर, 2025 निर्धारित की गई है। उम्मीदवार 02 दिसंबर, 2025 तक ऑनलाइन फीस का भुगतान कर सकते हैं। इसके अलावा, उम्मीदवारों को फॉर्म में करेक्शन करने के लिए 03 दिसंबर से 12 दिसंबर तक का समय दिया जाएगा।

## इस तरह होगा चयन

उम्मीदवारों का चयन स्टेज-1, स्टेज-2, दस्तावेज सत्यापन और मेडिकल परीक्षा के आधार पर किया जाएगा। स्टेज-1 की परीक्षा में उम्मीदवारों से गणित, सामान्य बुद्धिमत्ता और तर्क, सामान्य जागरूकता और सामान्य विज्ञान विषय से 100 अंकों के 100 बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न पूछे जाएंगे। यह परीक्षा कुल 90 मिनट के लिए आयोजित कराई जाएगी, जिसमें प्रत्येक गलत उत्तर के लिए एक-तिहाई अंक का नकारात्मक अंकन किया जाएगा। साथ ही इस परीक्षा में चयनित उम्मीदवारों के लिए स्टेज-2 परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। स्टेज-2 परीक्षा में उम्मीदवारों से 150 बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न पूछे जाएंगे।

## इस पद में इतनी मिलेगी सैलरी

*इन पदों पर चयनित उम्मीदवारों को प्रतिमाह 35,400 रुपये प्रदान किए जाएंगे।जूनियर इंजीनियर के पदों पर आवेदन करने के लिए उम्मीदवारों की न्यूनतम आयु 18 वर्ष और अधिकतम आयु 33 वर्ष निर्धारित की गई है। हालांकि उम्मीदवारों को आयु-सीमा में छूट भी प्रदान की जाएगी। एससी एवं एसटी उम्मीदवारों को आयु-सीमा में 5 वर्ष की छूट, ओबीसी उम्मीदवारों को 3 वर्ष की छूट और दिव्यांग उम्मीदवारों को 10 वर्ष की छूट प्रदान की जाएगी। इन पदों पर आवेदन करने के लिए एप्लीकेशन फीस कैटेगरी वाइज निर्धारित की गई है। सामान्य, ईडब्ल्यूएस और ओबीसी उम्मीदवारों के लिए एप्लीकेशन फीस 500 रुपये, जबकि एससी एवं एसटी, महिला और दिव्यांग उम्मीदवारों के लिए एप्लीकेशन फीस 250 रुपये निर्धारित की गई है।*

सिटी इवेंट

# बदलती जीवनशैली में बॉडी डिटॉक्स के लिए आयुर्वेदिक पंचकर्म और कांसा थाली थैरेपी की सलाह



**रायपुर।** तेजी से बदलती जीवनशैली, अनियमित खानपान और बढ़ता मानसिक तनाव आज हर उम्र के व्यक्ति को अंदरूनी रूप से कमजोर बना रहा है। आधुनिक बीमारियां अब केवल शारीरिक रूप से नहीं, बल्कि मानसिक स्तर पर भी असर डाल रही हैं। ऐसे में आयुर्वेद में वर्णित प्राचीन शुद्धिकरण पद्धति 'पंचकर्म और कांसा थाली चिकित्सा' शरीर को डिटॉक्स कर रोगों से लड़ने की शक्ति प्रदान कर रही हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, यह केवल उपचार नहीं, बल्कि भविष्य में गंभीर बीमारियों से बचाव का भी एक प्रभावशाली माध्यम है। बातचीत में विशेषज्ञों ने कहा कि इस प्रक्रिया से नसों में ब्लॉकेज, कैंसर, ब्रेन ट्यूमर, पैरालिसिस जैसे समस्याओं से छुटकारा पाया जा सकता है, जो पूर्ण रूप से स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद है।

## आयुर्वेद में शरीर को अंदर से शुद्ध करने की प्रक्रिया

आयुर्वेद में शरीर को अंदर से शुद्ध करने और बीमारियों की जड़ तक पहुंचने के लिए पंचकर्म चिकित्सा को बेहद प्रभावी माना जाता है। इस संबंध में आयुर्वेद विशेषज्ञ अभिषेक शर्मा ने बताया कि पंचकर्म की दो प्रमुख प्रक्रियाएं है, वमन (वॉमिटिंग थैरेपी) और विवेचन (इमोशनल डिटॉक्स), यह शरीर को शारीरिक व मानसिक दोनों स्तर पर डिटॉक्स करने में सहायक होती हैं। आयुर्वेद का मानना है कि जब शरीर में दोष असंतुलित होते हैं, तभी रोग उत्पन्न होते हैं। वमन और विवेचन की प्रक्रिया से ये दोष शरीर से बाहर निकलते हैं, जिससे बीमारियों की संभावना कम हो जाती है। अगर किसी व्यक्ति में कोई गंभीर रोग विकसित होने की संभावना हो तो यह प्रक्रिया उसे समय रहते रोक सकती है।

## पंचकर्म से कैंसर के मरीजों को भी आराम

अभिषेक शर्मा ने बताया कि पंचकर्म विशेष रूप से कैंसर, डायबिटीज जैसी जटिल बीमारियों में लाभदायक सिद्ध हो सकता है। वमन और विवेचन से शरीर पहले ही शुद्ध हो जाने पर दवाइयों का असर अधिक तेजी से होता है। यह प्रक्रिया 9-10 दिनों की होती है, और मरीज की उम्र व स्वास्थ्य स्थिति के अनुसार अपनाया जाता है। यह पद्धति बच्चों और बुजुर्गों के लिए उपयुक्त नहीं है।

## 500 साल प्राचीन कांसा थाली प्रद्धति से बॉडी डिटॉक्स

उत्तम आरोग्यम संस्थान से संगीता सहगल ने बताया कि संस्थान में लगभग 500 साल प्राचीन कांसा थाली प्रद्धति से बॉडी डिटॉक्स की जाती है। इस प्रक्रिया से शरीर के टॉक्सिन को बाहर निकाला जा सकता है। समय के साथ-साथ तकनीकी नवाचार से मशीन तैयार की गई है, जो कम से कम समय में रिजल्ट लोगों को दे रही है। इस थैरेपी से नसों में ब्लॉकेज, कैंसर, ब्रेन ट्यूमर, पैरालिसिस जैसी समस्याओं से छुटकारा पाया जा सकता है। यह मशीन मुंबई और अहमदाबाद से मंगाई गई है।

# बरसों बाद पुराने दोस्तों से भेंट ताजा हुई स्कूली जीवन की यादें

**रायपुर।** जेएन पांडे स्कूल में छात्र मिलन समारोह का आयोजन किया गया, जहां साल 2000-2002 के भूतपूर्व छात्रों को आमंत्रित किया गया। इस खास अवसर पर स्कूल की पुरानी यादों को ताजा करते विद्यार्थियों का समूह नजर आया, जिन्होंने सालों पुरानी दोस्ती, क्लास रूम की मस्ती, दोस्तों संग पिकनिक समेत कई यादों को दुबारा याद किया। छात्र मिलन समारोह स्कूल परिसर में ही आयोजित किया गया, जहां कार्यक्रम के दौरान दोस्त आपस में गले मिले और क्लास रूम के साथ पुरानी यादें ताजा करते नजर आए। कुछ दोस्तों ने कई गेम्स भी खेले, वहीं संबोधन में पुराने गुरु की डांट और जीवन की सीख को याद किया।



## पुरानी यादें और दोस्ती का जादू

*शानदार छात्र मिलन समारोह में 70 से अधिक भूतपूर्व छात्रों की उपस्थिति दर्ज की गई, जो वर्तमान समय में अमेरिका, सऊदी अरब, गोवा, ब्राजील, भोपाल, दिल्ली, मुंबई जैसे महानगरों में रहने लगे हैं। विद्यार्थी जीवन याद करते हुए छात्र भावुक नजर आए, जिन्होंने कई पुराने दोस्तों संग बिताया समय याद किया। उन्होंने कहा, क्लास में हमेशा गुरुजनों का सम्मान किया, वर्तमान समय में हम सभी कामयाब हैं, जिसका पूर्ण श्रेय हमारे गुरुओं को जाता है। उनकी दी हुई सीख और पूर्ण मेहनत से ही हम सभी जीवन में मुकाम हासिल कर पाए हैं।*

# तीन दिवसीय ध्यान साधना सत्संग शिविर का समापन

**रायपुर।** सतनाम धर्मशाला में तीन दिवसीय सतनाम ध्यान साधना एवं सत्संग शिविर आयोजन का समापन हुआ। जहां अंतिम दिन सैकड़ों श्रद्धालुओं की भीड़ देखने को मिली। आदर्शनगर स्थित धर्मशाला में आयोजित शिविर का संचालक गुरु उत्तमलाल ने बताया कि शिविर में समाज के बच्चों से लेकर बुजुर्गों की भागीदारी दर्ज की गई। इस खास अवसर पर गुरुओं के सानिध्य में लोग तीन दिन तक सत्संग और ध्यान साधना में डूबे रहे। यह आयोजन सुबह 7 बजे से लेकर शाम 7 बजे तक तीन चरणों में संचालित किया गया, जहां समय-समय पर गुरुजन लोगों को संबोधित करते रहे। इस दौरान सुबह ध्यान साधना, दोपहर एवं शाम को सत्संग के आयोजन चलता रहा। गुरु मन्नूलाल चतुर्वेदी ने सत्संग कार्यक्रम में प्रवचन देते हुए कहा कि सत्य ही मानव का आभूषण होता है। यह आभूषण हर व्यक्ति को धारण करना चाहिए। मनुष्य को हमेशा अच्छे कर्म करना चाहिए और सच्चाई के रास्ते पर चलना चाहिए। उन्होंने कहा कि सत्संग बाबा गुरु घासीदासजी के सतनाम को समझने एवं जानने की एक यात्रा है।



बेहतर समय प्रबंधन और प्री-प्लानिंग से बच्चे और काम को समय देना सरल

# गुड पैरेंटिंग की मिसाल : खेती और बिजनेस के साथ निभा रहीं मां, बहू और पत्नी की जिम्मेदारी

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** इन दिनों महिलाएं शादी के बाद भी वर्किंग वुमन होना पसंद करती हैं, लेकिन साथ ही चाइल्ड-केयर और होम मैनेजमेंट की जिम्मेदारी भी उनके कंधों पर बढ़ जाती है। ऐसे में वर्कलोड और घर की जिम्मेदारियों के बीच खुद को उलझा महसूस करना आम बात हो गई है। हरिभूमि ने शहर की उन महिलाओं से बातचीत की, जिन्होंने लंबे समय से बेहतर पैरेटिंग और लाइफस्टाइल मैनेजमेंट का उदाहरण पेश किया है। बातचीत में बताया कि परिवार का सहयोग, प्री-प्लानिंग, टाइम मैनेजमेंट और पॉजिटिव थिंकिंग व्यक्ति को हर काम समय पर करने और बच्चों के साथ सही समन्वय बनाने में मदद करती है। दिन की शुरुआत प्री-प्लानिंग से करें, डेली रुटीन और बच्चों के लिए क्वालिटी टाइम सुनिश्चित करना उन्हें मानसिक तनाव से बचा सकता है।



## बेहतर पैरेंटिंग के साथ परिवार और पैशन का संतुलन

आस्था टावरी, जो पहले बैंकर के रूप में काम कर चुकी हैं, अब अपने बिजनेस, मॉडलिंग और बुटिक के जरिए सफलता की नई मिसाल पेश कर रही हैं। 45 साल की आस्था ने 18 साल की उम्र से ही काम करना शुरू किया था। घर के दायित्व और मां बनने के बाद भी उन्होंने परिवार और बच्चों की जिम्मेदारियों के साथ अपने पैशन को जारी रखा। हरिभूमि से बातचीत के दौरान आस्था ने बताया कि वे रोजाना अपने काम और परिवार को नियमित समय देती हैं। शौकिया तौर पर उन्होंने मॉडलिंग शुरू की, लेकिन घर और बच्चों की जिम्मेदारी हमेशा उनकी प्राथमिकता रही है। जब बच्चा छोटा था, तब उसकी जरूरतों पर पूरा ध्यान दिया, वहीं एक समय के बाद ही अपने व्यवसाय और पैशन पर ध्यान दिया। मैंने अपने जीवन में हमेशा खुद को बेहतर बनाने का प्रयास किया है। इन दिनों यूथ परिवार की जिम्मेदारी आने पर तनाव महसूस करने लगती हैं, लेकिन इससे बेहतर आप शांत रहकर परिस्थिति को समझने का प्रयास करें।

## सही समय प्रबंधन और परिवारिक समर्थन से बेहतर पैरेंटिंग संभव



69 वर्षीय भगवती चंद्राकर ने अपने जीवन के अनुभव साझा करते हुए बताया कि शादी के बाद से उन्होंने परिवार, बच्चों और घर के कार्यों में संतुलन बनाए रखा। 19 वर्ष की आयु में संयुक्त परिवार में विवाह होने के बाद भी उन्होंने सामाजिक गतिविधियों में हिस्सा लेना, खेती और घर की जिम्मेदारियों को भी पूरा करने का प्रयास किया। बच्चों के जन्म के साथ ही मां की जिम्मेदारी बढ़ जाती है, लेकिन परिवार के सहयोग और सही समय प्रबंधन से सभी जिम्मेदारियां पूरी की जा सकती हैं। लगभग 47 साल से भगवती चंद्राकर, आकाशवाणी और दूरदर्शन जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों में मुख्य लेखन कार्य, खेती और सामाजिक कार्य करती आ रही हैं। उनकी कहानी आज के माता-पिता और युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा स्वरूप है कि सही मार्गदर्शन और समर्थन के साथ बेहतर पैरेंटिंग और सामाजिक योगदान को समान रूप से निभाया जा सकता है।

## बच्चे के स्कूल समय में हॉस्टल की भी जिम्मेदारी संभालती हैं प्रियंका

43 वर्षीय प्रियंका गुप्ता ने बताया कि प्री-प्लानिंग से हर काम बेहतर ढंग से किया जा सकता है। हरिभूमि से बातचीत में कहा कि बचपन से ही हर समय सक्रिय



रहने की आदत महिलाओं का जीवन सरल बना सकती है। वर्तमान समय में मैं तीन गर्ल्स हॉस्टल का संचालन कर रही हूं, जिसके साथ ही परिवार और बच्चे की जिम्मेदारी भी मेरे कंधों पर है। सुबह बच्चे के स्कूल के वक्त हॉस्टल जाती हूं, वहीं छुट्टी होने के बाद बच्चे के साथ समय भी बिताती हूं। प्रियंका पिछले लगभग 20 वर्षों से यह कार्य नियमित रूप से कर रही हैं। वे हर साल फिनिशिंग स्कूल चलाती हैं, जहां अविवाहित लड़कियों को होम मैनेजमेंट सिखाया जाता है। इसके अलावा हर रविवार वे प्रहलाद पाठशाला संचालित करती हैं, जिसमें स्कूली बच्चों को भगवान के अवतारों की महिमा, हिंदू परंपरा और भक्तों की कथाएं निशुल्क सुनाई जाती हैं। उनका कहना है कि पैरेंटिंग को लेकर लोगों में इन दिनों तनाव बढ़ा है, ऐसे में उन्हें समय रहते घर के सामान्य काम सीखने चाहिए, साथ ही परिवार की जरूरतों के लिए प्री-प्लानिंग करें।

## आराधना

# घट यात्रा, मंडप शुद्धता और ध्वजारोहण के साथ सिद्ध चक्र महामंडल विधान की हुई शुरुआत



**रायपुर।** त्रिवेणी जैन तीर्थ सेक्टर 6 में 5 नवंबर तक होने जा रहे 1008 श्री सिद्ध चक्र महामंडल विधान और चरण कमल स्थापना की मंगलवार को शुरुआत हुई। सैकड़ों महिलाओं ने जैन भवन से अपने सिर पर मंगल कलश धारण कर नगर भ्रमण किया। जैन त्रिवेणी जैन तीर्थ मंदिर में प्रवेश किया।

जहां पर प्रतिष्ठाचार्य पारस जैन द्वारा इंद्र के साथ मंडप शुद्ध किया गया। सौधर्मेंद्र के साथ उपस्थित भक्तों ने अष्टधातु की चार प्रतिमा विधान मंडप के समोसारण स्थल में मंत्रोचार के साथ स्थापित किया। आचार्य विद्यासागर की शिष्या साध्वी दुर्लभमति के अमृत वचन से भक्तों ने पार्श्वनाथ भगवान की अष्टधातु प्रतिमा का अभिषेक किया। शांति धारा का सौभाग्य सौधर्मेंद्र, ज्ञानचंद, मनीष, गौरव, विमल बाकलीवाल एवं प्रशांत ममता जैन, राजेश जैन ने प्राप्त किया। इस अवसर पर संरक्षक प्रवीण छाबड़ा, प्रदीप जैन, भारत जैन, सिंपी मंत्री, सोमेश बाकलीवाल, जिनेंद्र जैन, अशोक निगोटिया सहित अन्य मौजूद थे। गाजे-बाजे के साथ इंद्राणियों ने अपने शीश पर कलश रखकर भव्य घट यात्रा में शामिल होते हुए अहिंसा परमो धर्म की जयकारा लगाया गया। जैन महिला क्लब, प्रगति महिला मंडल, त्रिवेणी महिला मंडल, नवकर महिला समिति की महिलाओं ने घट यात्रा में भक्ति भाव के साथ नगर भ्रमण करते हुए त्रिवेणी जैन तीर्थ सेक्टर 6 में प्रवेश किया।

## धर्म लाइव

# भगवान चित्रगुप्त की पूजा और भजन कर दी बधाई, बांटा प्रसाद



**रायपुर।** कायस्थ सभा द्वारा यम द्वितीया एवं भाई दूज के अवसर पर भगवान श्री चित्रगुप्त की सामुहिक पूजा आरती विधि-विधान से पंडित सतीश दुबे द्वारा की गई। मुख्य यजमान अजय वर्मा, सुधा वर्मा थे। कार्यक्रम चित्रगुप्त मंदिर एवं सांस्कृतिक भवन कसारीडीह में आयोजित किया गया था, जिसके बाद उपस्थित श्रद्धालुओं में प्रसाद का वितरण किया गया। कायस्थ सभा द्वारा भाई दूज एवं दीपावली मिलन समारोह पर अराधना म्यूज़िकल ग्रुप द्वारा भजन संध्या कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर राजेश कुमार, महावीर प्रसाद श्रीवास्तव अध्यक्ष कायस्थ सभा द्वारा



उपस्थित समाज के लोगों को दीपावली की बधाई प्रेषित कर सभी सहयोगियों एवं दान दाताओं के प्रति आभार व्यक्त किया गया । कार्यक्रम में वरिष्ठ जन, संरक्षक, पदाधिकारी, सदस्य, महिलाएं, बच्चे सहित बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## समाज इवेंट

# सैर सपाटा संघ के 30 बरस पूरे दिवाली मिलन समारोह मनाया



**रायपुर।** सैर सपाटा संघ द्वारा दिवाली मिलन समारोह आयोजित किया गया। सुबह 6 बजे पं. रविशंकर विश्वविद्यालय प्रांगण में संघ के सदस्यों ने मिलकर दिवाली मिलन समारोह मनाया। इस दौरान मॉर्निंग वॉक करने वाले सैर सपाटा संघ के सभी सदस्य उपस्थित हुए। कार्यक्रम में रविवि के कुलपति डॉ. सच्चिदानंद शुक्ला विशेष रूप से दिवाली मिलन समारोह में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि पूरे संसार में शायद यह पहली संस्था होगी, जो सबेरे 6 बजे दीपावली मिलन आयोजित करती है। इस दिवाली मिलन समारोह का सिलसिला 30 साल पहले सन 1995 में शुरू हुआ। सैर सपाटा संघ की शुरुआत 5 सदस्यों से हुई थी, अब इसके 50 से अधिक सदस्य बन गए हैं।

### यह रहे शामिल

दिवाली मिलन में काव्यपाठ देवेंद्र अग्रवाल और आरके अग्रवाल ने किया। वहीं देवेंद्र अग्रवाल, डॉ. दिनेश मिश्र, शशि सेठिया, ताराचंद अग्रवाल, विनय कक्कड़, रवि सिंघानिया, लालू मथानी, गिरीश बिस्सा, आनंद बेरीवाल, पुरुषोत्तम, सज्जन, रवि भैया, प्रदीप, सुशील, विनय साबू, हरजीत जुनेजा, मामू खंडेलवाल, अल्लू महाराज, महेंद्र, नवल, गोविंद, डॉ. शुक्ला, अमर बंसल, गोपाल, राजीव गोयल, आरके बंसल, नरेश, युगबोध, रवि अग्रवाल, मनोज त्रिवेदी, संजय पाठक, मनोज एंटी, डॉ. हरिंद्र मोहन शुक्ल सहित अनेक नागरिक शामिल हुए। सभी सदस्यों ने एक-दूसरे को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए 'सैर सपाटा संघ का साथ यूं ही बना रहे' इसकी कामना की।

---

● भगवान शालिग्राम-तुलसी विवाह उत्सव की मचेगी धूम, महामाया मंदिर में 10-15 किलो हल्दी चढ़ाएंगे श्रद्धालु

# तुलसी विवाह पर मंदिरों में छत्तीसगढ़ी विवाह की रस्में होंगे साखोचार, पाणिग्रहण, कन्यादान के मंत्रोच्चार

तुलसी मंडवा गड़ाना हे, कुसियार से सजाना हे..देवउठनी एकादशी तुलसी विवाह को लेकर मंदिरों में तैयारी जोरो पर चल रही है। छत्तीसगढ़ी पारंपरिक लोकगीत के साथ विवाह उत्सव का प्रारंभ होगा। खास अवसर पर शहर के प्रमुख मंदिरों में तुलसी विवाह छत्तीसगढ़ी विवाह रस्म साखोचार के मंत्रोच्चार से प्रारंभ होगी, इसकी तैयारी पूर्ण रूप से की जा रही है।

**रायपुर।** सुबह से ही मंदिरों में धार्मिक अनुष्ठान व मंत्रों की गूंज सुनने को मिलेगी, एक ओर गड़वा बाजा की धुन पर आदिवासी समाज के सदस्य पारंपरिक विवाह प्रारंभ करेंगे, वहीं दूसरी ओर मंदिरों में तुलसी वृक्ष और भगवान शालिग्राम का विवाह वैदिक मंत्रों के साथ संपन्न कराया जाएगा।



### पारंपरिक रीति-रिवाज से होंगी रस्में

*भगवान शालिग्राम-तुलसी विवाह पर्व प्रदेशभर में धूमधाम के साथ मनाया जाता है, ऐसे में 2 नवंबर को महामाया मंदिर परिसर में भी छत्तीसगढ़ी रीति-रिवाज से ही विवाह कार्य संपन्न होंगे। मंदिर से सूरज कुमार फूटान ने बताया कि तेल-हल्दी रस्म से विवाह प्रारंभ होगा, इसके लिए 10-15 किलो हल्दी की व्यवस्था की गई है। इस अवसर पर शालिग्राम-तुलसी माता पर शहरवासी भी हल्दी लगा पाएंगे। शाम 5 बजे से श्रद्धालुओं की भीड़ मंदिर परिसर में एकत्रित होंगे, यहां मंडप पर साखोचार, पाणिग्रहण, कन्यादान जैसी मुख्य रस्में भी आचार्य की उपस्थिति में मंत्रोच्चार के साथ पूर्ण की जाएंगी।*



### गोपाल मंदिर में तुलसी विवाह की धूम

सदर बाजार स्थित गोपाल मंदिर में तुलसी विवाह के शुभ अवसर पर भक्तिमय माहौल देखने को मिलेगा। मंदिर के पुजारी हरेंद्र महाराज ने बताया कि इस पर्व पर मंदिर को फूलों से सजाया जाएगा। शाम को श्रद्धालु मिलकर मंडप सजाएंगे, जिसके बाद रातभर जागरण का आयोजन होगा। पूरे दिन मंदिर परिसर में धार्मिक अनुष्ठान और भक्ति कार्यक्रमों की चहल-पहल बनी रहेगी। भगवान को रातभर में चार बार विभिन्न मेवा-मिष्ठान के भोग लगाए जाएंगे। कार्यक्रम की शुरुआत शाम को विवाह कार्य से होगी। वहीं दूसरे दिन सुबह 5 बजे मंगला आरती के पश्चात मंदिर परिसर से नगर भ्रमण के लिए प्रभात फेरी निकाली जाएगी। तुलसी विवाह के साथ ही शीतकाल की शुरुआत होगी, इसके बाद से ही भगवान को गर्म वस्त्र पहनाए जाएंगे और गर्म पकवानों का भोग लगाया जाएगा।

### शहर में छत्तीसगढ़ी पारंपरिक उत्सव की धूम

शहर के बाजारों में मुंगेली और अंबिकापुर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी मात्रा में गन्ना पहुंचा है। तुलसी विवाह के दिन गन्ने की कीमत 80 से 150 रुपए जोड़ी तक रहने की संभावना है। इस अवसर पर गुढ़ियारी, डगनिया चौक, रायपुरा, सुंदर नगर, संतोषी नगर और टिकरापारा में पारंपरिक छत्तीसगढ़ी पर्व की धूम रहेगी। गड़वा बाजा की धुन और बैगा-बैगिन की उपस्थिति में आदिवासी समाज गौरा-गौरी पर्व हर्षोल्लास से मनाएगा।

### तुलसी विवाह पर अरबी की सब्जी का खास भोग

इस्कॉन मंदिर से भोला साहू ने बताया कि इस दिन 56 भोग की प्रसादी विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगी, जिसमें देवी को प्रिय अरबी के सब्जी प्रमुख है। तुलसी विवाह के शुभ अवसर पर मंदिर प्रांगण के साज-सज्जा की तैयारी शुरू हो गई है, जहां सैकड़ों श्रद्धालुओं के लिए प्रसादी की भी व्यवस्था मंदिर परिसर में की जा रही है।

### शाही पोशाक और स्वर्ण-चांदी के आभूषणों में प्रभु का श्रृंगार

महादेवघाट स्थित राधाकृष्ण मंदिर से दिनेश गिरी गोस्वामी ने बताया कि रविवार को गन्ने से मंडप तैयार कर भगवान शालिग्राम और माता तुलसी का विवाह कराया जाएगा। मंदिर परिसर में भगवान के चल विग्रह पर हल्दी लेपन, चंदन, टीका जैसी विभिन्न रस्में अदा की जाएंगी। इस दौरान भगवान की प्रतिमा विशेष श्रृंगार में नजर आएगी, जहां उन्हें दूल्हे की तरह शाही पोशाक व आभूषण धारण कराए जाएंगे।

### धार्मिक अनुष्ठानों में हिस्सा लेंगे श्रद्धालु

दूधाधारी मठ में मंगला आरती के पश्चात श्री राम जय राम जय जय राम...अखंड राम धुन पाठ से तुलसी विवाह महोत्सव की शुरुआत होगी। इस दौरान मठ परिसर में श्रद्धालु धार्मिक अनुष्ठानों में हिस्सा लेने शामिल होंगे। मठ से राम छवि ने बताया कि अक्षय नवमी से आंवला वृक्ष की आराधना के पश्चात ही तुलसी विवाह पर्व का प्रारंभ हो जाएगा। इसके दूसरे दिन देर शाम तुलसी माता और भगवान शालिग्राम का विवाह होगा।

# छात्रों के नवाचार और क्रिएटिव सोच से तैयार हुआ स्मार्ट किचन का प्लान

**रायपुर।** पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के इंस्टिट्यूट इनोवेशन काउंसिल विभाग की ओर से व्याख्यान सत्र व प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। मंगलवार को इंस्टिट्यूट इनोवेशन काउंसिल, नवाचार एवं ऊष्मायन केंद्र इलेक्ट्रॉनिक्स एंड फोटोनिक्स अध्ययन शाला एवं अक्षय ऊर्जा प्रौद्योगिकी के संयुक्त तत्वावधान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य नवाचार, रचनात्मक सोच और सहयोग के माध्यम से वास्तविक जीवन की समस्याओं के लिए प्रभावी समाधान विकसित करना रहा। इसमें विभिन्न तकनीकी डोमेन्स जैसे इलेक्ट्रिक व्हीकल्स, एआई, साइबर सिक्योरिटी, पर्यावरण संरक्षण और स्वदेशी तकनीकों पर आधारित प्रोजेक्ट्स प्रस्तुत किए गए। प्रतियोगिता में सभी टीमों ने व्यवहारिक मॉडल तैयार किया और सामाजिक और पर्यावरणीय दृष्टिकोण नवीन विचार साझा किए। व्याख्यान सत्र में कुलपति प्रो. सच्चिदानंद शुक्ल बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए।



### टॉपिक - द्रव दाब आधारित सौर ट्रैकिंग प्रणाली

यह प्रणाली सूर्य की दिशा का अनुसरण करने के लिए द्रव के तापीय प्रसार से उत्पन्न दाब परिवर्तन का उपयोग करती है। सूर्य के प्रकाश के प्रभाव से द्रव में तापीय विस्तार होता है, जिससे दबाव में अंतर उत्पन्न होता है और यह अंतर सौर पैनल की दिशा को स्वचालित रूप से समायोजित करता है। यह सूर्य घड़ी और अवतल दर्पण के उपयोग से सूर्य की दिशा का सही निर्धारण, कम रखरखाव में सीमित गतिशील भाग होने के कारण दीर्घकालीन स्थिरता है।

### टॉपिक - डिजी गैस स्टोव- स्मार्ट और सुरक्षित कुकिंग प्रणाली

डिजी गैस स्टोव एक बुद्धिमान रसोई प्रणाली है, जिसमें एडवांस्ड माइक्रोप्रोसेसर और मिक्रोकोन्ट्रोलर टेक्नोलॉजीका उपयोग किया गया है। इसमें विभिन्न सेंसर और स्वचालित उपकरण शामिल होंगे, जो उपयोगकर्ता की सुरक्षा और सुविधा दोनों को बढ़ाते हैं। यह गैस रिसाव का तुरंत पता लगाकर अलर्ट करता है। स्वचालित रूप से गैस प्रवाह को नियंत्रित करने के लिए मददगार है।

# खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स राजस्थान में 24 नवंबर से 5 दिसम्बर तक

**रायपुर।** पांचवें खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स राजस्थान के सात शहरों में 24 नवंबर से 5 अक्टूबर तक आयोजित होंगे। इसमें 23 मेडल स्पोर्ट्स और एक डेमोंस्ट्रेशन स्पोर्ट (खो-खो) में प्रतियोगिताएं होंगी। इसी साल कुछ समय पहले में बिहार में हुए खेलो इंडिया यूथ गेम्स की तरह यूनिवर्सिटी गेम्स भी राजस्थान के सात शहरों जयपुर, अजमेर, उदयपुर, जोधपुर, बीकानेर, कोटा और भरतपुर में आयोजित होंगे। इस 12 दिनों के यूनिवर्सिटी आयोजन में 5,000 से अधिक एथलीटों के आने की उम्मीद है। खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स का आयोजन भारतीय विश्वविद्यालय संघ के सहयोग से किया जाता है। राजस्थान में आयोजित होने वाले ये यूनिवर्सिटी गेम्स हजारों छात्रों को न केवल खेलों को पढ़ाई के समानांतर ही आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेंगे साथ ही प्रतियोगिता एवं सौहार्द के माध्यम से एक भारत श्रेष्ठ भारत की भावना को मजबूत भी करेंगे। दुर्ग, भिलाई सहित प्रदेश के खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में शिरकत करेंगे। 23 मेडल स्पोर्ट्स और एक डेमोंस्ट्रेशन श्रेणी के स्पोर्ट्स होंगे। मेडल स्पोर्ट्स में तीरंदाजी, एथलेटिक्स, बैडमिंटन, बास्केटबॉल, बॉक्सिंग, फेंसिंग, फुटबॉल, हॉकी, जूडो,



कबड्डी, मल्लखंब, रग्बी, शूटिंग, तैराकी, टेबल टेनिस, टेनिस, वॉलीबॉल, वेटलिफ्टिंग, कुश्ती, योगासन, साइक्लिंग, बीच वॉलीबॉल, कैनोइंग और कयाकिंग शामिल हैं। पहली बार, बीच वॉलीबॉल, कैनोइंग और कयाकिंग, तथा साइक्लिंग को भी शामिल किया जा रहा है। पिछले खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स, जो पूर्वोत्तर भारत में हुए थे, में चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी चैंपियन बनी। लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी और गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी, अमृतसर ने क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया था। अब तक देश भर में 20 संस्करणों का आयोजन हो चुका है, जिसमें 7 संस्करण खेलो इंडिया यूथ गेम्स, 4 संस्करण खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स, 5 संस्करण खेलो इंडिया विंटर गेम्स, 2 संस्करण खेलो इंडिया पैरा गेम्स, 1 संस्करण खेलो इंडिया बीच गेम्स, और 1 संस्करण खेलो इंडिया वाटर स्पोर्ट्स फेस्टिवल शामिल हैं।

## कार्नर न्यूज

ट्राइबल फ्रीडम फाइटर म्यूजियम की डिजिटल गैलरी में सुविधा

# एआई फोटो बूथ चिन्हारी में पीएम मोदी संग खिंचा सकेंगे तस्वीर

रायपुर। राज्योत्सव के अवसर पर उद्घाटित होने जा रही नवा रायपुर स्थित ट्राइबल फ्रीडम फाइटर म्यूजियम के डिजिटल गैलरी क्रमांक-17 में देश के प्रधानमंत्री के साथ फोटो खिंचाने का अवसर मिल रहा है। म्यूजियम की इस डिजिटल गैलरी में एआई फोटो बूथ सिस्टम विकसित किया गया है, जहां लगी स्क्रीन के सामने रखी खाली कुर्सी के साइड में खड़े होने पर आटोमेटिकली दर्शकों का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ फोटो खिंचकर आ रहा है। इस एआई फोटो बूथ स्क्रीन पर खींची हुई फोटो को दर्शक इसके स्क्रीन पर डिसप्ले क्यूआर कोड को अपने मोबाइल से स्कैन कर डाउनलोड कर सकते हैं। म्यूजियम में एआई टेक्नोलॉजी विकसित कर रहे टेक्नीशियन्स ने इसकी जानकारी दी। बता दें कि इस डिजिटल गैलरी में ही प्रॉजेक्शन मैपिंग सिस्टम भी विकसित किया गया है, जो चल-चित्रण व लिखावट के साथ आदिवासी विद्रोहों को तिथि व स्थान को एक साथ



आकर्षक रूप में प्रदर्शित कर रहा है। मंगलवार को हरिभूमि टीम ने ट्राइबल फ्रीडम फाइटर म्यूजियम की फाइनल तैयारियों व नवाचार तकनीकी को लेकर लाइव रिपोर्टिंग की। इस दौरान जब टीम म्यूजियम के डिजिटल गैलरी क्रमांक-17 में पहुंची तो वहां पूरी गैलरी में डिजिटलीकरण का नवाचार नजर आया। इस दौरान वहां म्यूजियम को राज्योत्सव दिवस 1 नवंबर के लिए फायनल टच देने कार्य कर रहे टेक्नीशियंस से बातचीत से उक्त गैलरी की खूबियों के बारे में जानकारी मिली। बता दें कि डिजिटल गैलरी की दीवारों पर भी डिजिटल डिस्प्ले स्क्रीन बोर्ड लगे हुए हैं, जो क्रमबद्ध तरीके से अंग्रेजी शासन के विरुद्ध हुई आदिवासी क्रांति को लिखित रूप में प्रदर्शित कर रहे हैं।

### आदिवासी भित्ति चित्र व औजारों से सजा सेल्फी पॉइंट भी

म्यूजियम के गैलरी क्रमांक-15 में आदिवासी समुदायों की सांस्कृतिक परंपरा को प्रदर्शित करते भित्ति चित्र व औजारों को दीवार पर सजाकर एक सुंदर सेल्फी प्वाइंट बनाया गया है, जहां पर म्यूजियम प्रेमी सेल्फी खिंचा सकेंगे। इस तरह से ट्राइबल म्यूजियम में यह नई, आकर्षक व मनोरंजक तकनीकों को हाल ही में जोड़ा गया है।



### राजा वीरनारायण सिंह की तस्वीर एआई फोटो बूथ में होगी सेट

म्यूजियम के टेक्नीशयंस ने बताया कि 1 नवंबर को उद्घाटन कार्यक्रम से पहले डिजिटल गैलरी के एआई फोटो बूथ स्क्रीन पर राजा वीरनारायण सिंह की एआई फोटो सेट की जाएगी, ताकि उद्घाटन सत्र के दौरान अवलोकन में डिजिटल गैलरी पहुंचने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की एआई फोटो बूथ पर तथा राजा वीरनारायण सिंह के साथ एआई फोटो क्लिक हो सके।

### 1857 की सोनाखान विद्रोह की दास्तां कहती ऐतिहासिक तलवार

गैलरी क्रमांक-16 में सोनाखान विद्रोह में इस्तेमाल हुए लौह धातु से निर्मित ऐतिहासिक तलवार को डिस्प्ले किया गया है। यह तलवार उस समय की है, जब शहीद वीरनारायण सिंह ने कारागार से निकलकर 500 सशस्त्र सैनिकों की सेना तैयार कर अंग्रेजों के खिलाफ क्रांति का आगाज किया। इस तलवार की कुल लंबाई 3.1 फीट, चौड़ाई 3.5 सेमी और वजन 1.24 किलोग्राम है। इसे म्यूजियम में धरोहर के रूप में प्रदर्शित किया गया है।

## सिटी स्पोर्ट्स

### रणजी ट्रॉफी में छत्तीसगढ़ के आयुष का शानदार शतक



**रायपुर।** बीसीसीआई द्वारा रनजी ट्रॉफी 2025-26 का आयोजन 15 अक्टूबर से जारी है। जिसमें ग्रुप डी में छत्तीसगढ़ की टीम का दूसरा मैच (25 - 28 अक्टूबर) बीकेसी क्रिकेट ग्राउंड, मुंबई में मुंबई टीम के विरुद्ध खेला गया। चौथे दिन छत्तीसगढ़ ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। मुंबई ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 133.3 ओवरों में 10 विकेट खोकर 416 रन बनाये हैं। मुंबई की ओर से अजिंक्या रहाणे ने शानदार शतक लगाते हुए 159 रन बनाए। सिद्धेश लाड ने भी 80 रन तथा आकाश आंनंद ने 61 रनों की उपयोगी पारी खेली। छत्तीसगढ़ की ओर से आदित्य सरवटे ने 5 विकेट तथा रवि किरण ने 3 विकेट प्राप्त किए। अजय मंडल को 2 विकेट प्राप्त हुए। तीसरे दिन से आगे खेलते हुये छत्तीसगढ़ ने अपनी पहली पारी में 76.5 ओवरों में 10 विकेट खोकर 217 रन बनाये। छत्तीसगढ़ की ओर से प्रारंभिक बल्लेबाज आयुश पांडे ने 50 रन तथा शशांक चंद्राकर ने 43 रन बनाये। आषुतोश सिंह ने 34 रनों की पारी खेली। मुंबई की ओर से शम्स मुलानी ने 5 विकेट तथा हिमांशु सिंह ने 3 विकेट प्राप्त किये। फालोऑन खेलने उतरी छत्तीसगढ़ ने मैच की समाप्ति तक अपनी दूसरी पारी में 58 ओवरों में 3 विकेट खोकर 202 रन बनाए। छत्तीसगढ़ की ओर से प्रारंभिक बल्लेबाजी आयुष पांडे ने शानदान शतक लगाते हुये 117 रन नाबाद बनाये। उनके अतिरिक्त संजित देसाई तथा अमनदीप खरे ने 26-26 रनों का योगदान दिया। मैच ड्रा पर समाप्त हुआ। मुंबई ने पहली पारी की बढत प्राप्त की।

### ऑल इंडिया टेनिस मुकाबले में आरिज़ एवं सार्थक पहुंचे फाइनल में



**रायपुर।** ऑल इंडिया टेनिस संघ के तत्वाधान में छत्तीसगढ़ प्रदेश टेनिस संघ द्वारा ऑल इंडिया सीएस-3 अंडर-16 टेनिस टूर्नामेंट 27 से 29 अक्टूबर तक इंटरनेशनल टेनिस स्टेडियम, जोरा में आयोजित है। टूर्नामेंट को आर्डिनटर रूपेंद्र सिंह चौहान ने जानकारी देते हुए बताया की क्वार्टर व सेमी फाइनल मुकाबले मंगलवार को खेले गए।

मुकाबलों में शीर्ष वरीयता प्राप्त आरिज़ खान ने अनघ अग्रवाल को 9-5 से पराजित किया। सार्थक सुंदरानी ने एकलव्य सिंह राजपूत को 9-6 से मात दी। युग जैन (मध्य प्रदेश) ने वरदान गोवर्धन को 9-5 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया, वहीं चैतन्य ठक्कर ने आयान सर्वत को 9-7 से पराजित किया।सेमीफाइनल मुकाबलों में आरिज़ खान ने शानदार प्रदर्शन करते हुए युग जैन को 9-6 से हराया, जबकि सार्थक सुंदरानी ने चैतन्य ठक्कर को 9-3 से मात देकर फाइनल में जगह बनाई। स्पर्धा का फाइनल मुकाबला बुधवार 29 अक्टूबर को सुबह 8-30 बजे से खेला जाएगा।

### सेल क्रिकेट प्रतियोगिता में हिस्सा लेगी बीएसपी की टीम



**भिलाई।** स्टील अथॉरिटी ऑफ़ इंडिया( सेल) के तत्वाधान में भिलाई स्टील प्लांट द्वारा 10 से 15 नवंबर तक आयोजित सेल क्रिकेट प्रतियोगिता में भिलाई स्टील प्लांट की टीम भी भाग लेगी। टीम के चयन हेतु चयन स्पर्धा का आयोजन मंगलवार को बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सिविक सेंटर में किया गया। इस चयन स्पर्धा में कुल 45 खिलाड़ियों ने भाग लिया। इन खिलाड़ियों के बैटिंग बॉलिंग एवं फील्डिंग के प्रदर्शन के आधार पर सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा इस चयन इस स्पर्धा के चयनकर्ता वी मोहनदास एवं राजा बनर्जी एवं प्रभारी अभिजीत भौमिक( उप प्रबंधक) भिलाई स्टील प्लांट थे।

### अंतर महाविद्यालयीन कुश्ती में यूटीडी का शानदार प्रदर्शन



**रायपुर।** महंत लक्ष्मी नारायण दास के तत्वाधान में अंतर महाविद्यालयीन कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन मंगलवार को किया गया। जिसमे यूटीडी पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय की महिला एवं पुरुष टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए महिला वर्ग के 50 किग्रा में लक्ष्मी ने रजत पदक, 57 किग्रा में चेतना सिंह ने स्वर्ण पदक, 65 किग्रा में अनुष्ठा मित्तल ने स्वर्ण पदक, 72 किग्रा में प्राची चौबे ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया तथा पुरुष वर्ग में 61 किग्रा देव कुमार ने रजत पदक तथा 97 किग्रा प्रियांशु बंजारे ने रजत प्रदक प्राप्त किया।

## तापमान में गिरावट के बीच सेहत का ध्यान रखना जरूरी

# ठंड की दस्तक के बीच इस मौसम में बढ़ सकती है माइग्रेन की समस्या, रहें सावधान

अक्टूबर का महीना बीत रहा है और नवंबर दस्तक दे रहा है। इस मौसम को बदलाव वाला माना जाता है, तापमान में गिरावट के साथ सुबह-शाम वातावरण में ठंडक शुरू होने लगती है। मौसम में हो रहा इस तरह का बदलाव सेहत के लिए कई प्रकार से चुनौतीपूर्ण हो सकती है। इस मौसम में इंफ्लूएंजा जैसे वायरस के बढ़ने का साथ माइग्रेन की दिक्कत बढ़ने का खतरा हो सकता है। जैसे-जैसे सर्दी बढ़ती जाती है माइग्रेन का जोखिम और भी अधिक होता जाता है। पर क्या आप जानते हैं कि माइग्रेन और ठंड के मौसम का आपस में क्या संबंध है?

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, मौसम में हो रहा बदलाव आपको बीमार कर सकता है। सर्दियों में सिरदर्द की समस्या काफी आम, कुछ लोगों में तापमान में गिरावट के साथ माइग्रेन की समस्या भी ट्रिगर हो सकती है। सर्दियों के दौरान माइग्रेन के मामले बढ़ जाते हैं लेकिन ऐसा क्यों है? और इसे किस प्रकार से कंट्रोल किया जा सकता है, आइए इस बारे में समझते हैं।

सर्दियों में माइग्रेन की दिक्कत

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, जिन लोगों को माइग्रेन की समस्या रही है, उन्हें सर्दियों में इसका अधिक अनुभव हो सकता है। इस मौसम की कई स्थितियां माइग्रेन के खतरे को बढ़ाने वाली मानी जाती हैं। मेयो क्लिनिक की रिपोर्ट के अनुसार, मौसम संबंधी परिवर्तन माइग्रेन ट्रिगर करने वाले हो सकते हैं। इसके अलावा हवा में शुष्की, अत्यधिक ठंड जैसी स्थितियों के कारण आपको माइग्रेन बढ़ने का खतरा हो सकता है।



### धूप की कमी बढ़ा देती है जोखिम

सर्दी के दिनों में माइग्रेन के ट्रिगर होने का एक कारण इस मौसम में धूप की कमी को भी माना जाता है। धूप की कमी के कारण मस्तिष्क में सेरोटोनिन जैसे रसायनों में असंतुलन हो सकता है। ब्रेन कैमिकल्स का असंतुलन सिरदर्द और माइग्रेन के एपिसोड्स को बढ़ाने वाले माने जाते हैं।

इसके अलावा सूरज की रोशनी में कमी हमारे सर्केडियन रिदम यानी शरीर की आंतरिक घड़ी को बाधित कर देती है जिसके परिणामस्वरूप नींद के पैटर्न में असंतुलन या नींद की कमी हो जाती है। नींद की समस्याओं को भी माइग्रेन को ट्रिगर करने वाला माना जाता है।



माइग्रेन को ट्रिगर करने वाली चीजों से बचाव

स्टैनफोर्ड मेडिसिन में न्यूरोलॉजी के क्लिनिकल एसोसिएट प्रोफेसर, नुशेन झांग कहते हैं, ₹ सर्दियों के दिनों में चिकित्सकीय रूप से हम जो दिलचस्प चीज देखते हैं उनमें से एक यह भी है कि इन दिनों में लोगों में माइग्रेन की आवृत्ति बढ़ जाती है। हमारे लाइफस्टाइल की कई गड़बड़ आदतों के कारण भी इस प्रकार के सिरदर्द की समस्या अधिक हो सकती है।



शराब का सेवन, कैफीन का अधिक सेवन, तेज या चमकती रोशनी, तेज गंध (सुगंधित अगरबत्तिया जैसी),और कुछ खाद्य पदार्थ भी माइग्रेन के संभावित ट्रिगर हो सकते हैं।

### माइग्रेन से कैसे बचाव करें?

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, ठंड के प्रति संवेदनशील लोगों को माइग्रेन होने की आशंका अधिक होती है। ऐसे में सर्दियों में सिरदर्द, खासतौर पर माइग्रेन से बचाव के लिए प्रयास करते रहना बहुत आवश्यक हो जाता है। इसके लिए जरूरी है कि आप ठंड से बचाव करें। दिनचर्या में व्यायाम को शामिल करने से आपको लाभ मिल सकता है, व्यायाम करने से सेरोटोनिन का स्तर बढ़ता है जो इसके जोखिमों को कम कर सकता है। सर्दियों में सिर को अच्छे से कवर करें, इससे भी माइग्रेन से बचाव किया जा सकता है।

# इस फूल के उपाय, घर में आएगा भरपूर पैसा



इन दिनों माहौल त्यौहारों और शादियों का है। त्यौहारों पर लोग सुख-समृद्धि की कामना करते हुए अपने घरों को सजाते हैं। सजावट भी ऐसी रखते हैं ,जिससे घर में सकारात्मकता आए। ऐसे ही पौधों में से एक है पारिजात का पौधा। यदि आप पारिजात के फूल को पूजन में इस्तेमाल करती हैं तो आपको आर्थिक लाभ होता है।

वहीं इस फूल के कुछ अन्य उपाय भी हैं जो घर की सभी नकारात्मक शक्तियों को दूर करते हैं। आइए ज्योतिषाचार्य डॉ आरती दहिया जी से जानें पारिजात के फूलों के कुछ विशेष उपायों के बारे में जो सुख समृद्धि को आकर्षित करने में मदद करते हैं।

### ज्योतिष में पारिजात के फूलों का महत्व

पारिजात के फूलों को देवी लक्ष्मी से जोड़ा जाता है। पारिजात के फूल चढाने से आपकी वित्तीय संभावनाएं बढ़ सकती हैं और घर में प्रचुरता का आशीर्वाद मिल सकता है।

पारिजात के फूल चंद्रमा से जुड़े हुए होते हैं और चंद्रमा भावनाओं, अंतर्ज्ञान और वित्तीय स्थिरता से जुड़ा है। ऐसा माना जाता है कि पारिजात के फूलों की ऊर्जा का उपयोग चंद्र प्रभाव के साथ सामंजस्य स्थापित करता है, जिससे वित्तीय चीजों पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

### धन लाभ के लिए करें पारिजात के उपाय

समृद्धि और प्रचुरता का आह्वान करने के लिए पूजा को एक उपयुक्त समय माना जाता है, जो इसे वित्तीय कल्याण के लिए ज्योतिषीय उपायों को शामिल करने का एक आदर्श अवसर बनाता है। इस दिन हम सभी समृद्धि से जुड़े कुछ उपाय आजमाते हैं। इस दिन आप पारिजात के फूलों से जुड़े कुछ उपाय आजमा सकते हैं।

# सूजी से बनाएं स्वादिष्ट नमकीन मेहमान तारीफ करते नहीं थकेंगे

आज तक आपने कई तरह के बेसन से बने नमकीन का स्वाद लिया होगा। नमकीन अक्सर घरों में त्यौहारों के समय बनाए जाते है। ऐसे में आपको बेसन के बजाए सूजी से नमकीन बनाने की विधि जरूर जाननी चाहिए। एक पैन में ढ़ाई कप पानी डालकर गर्म होने के लिए रखें, पानी में स्वादानुसार नमक भी डालें। पानी जब गर्म हो जाए, तो उसमें सूजी को धीरे-धीरे पानी में डालें और चम्मच से लगातार चलाते हुए लंप्स आने से रोकें। सूजी को पानी में अच्छे से मिक्स करने के बाद उसे 10-15 मिनट के लिए ढक के रखें ताकि भाप में सूजी अच्छे से पक जाए। अब उबले हुए आलू को मैश कर लें और ड्राई फ्रूट्स को काटकर रख लें। मूंगफली को तेल में तलकर भून लें और काजू एवं बादाम (बादाम हलवा) को भी तेल में भून लें। 10 मिनट बाद सूजी में आलू मिलाकर अच्छे से आटा को नरम गूंथ लें। अब कड़ाही में तेल गर्म करने के लिए रखें, तेल गर्म हो जाए तो उसमें नमकीन बनाने की मशीन में आटा डालकर तेल में नमकीन बनाएं। अच्छे से कुरकुरा होने तक नमकीन को सेंक लें और तलने के बाद गरमा-गरम नमकीन को एक परात में रखें।अब नमकीन और ड्राई फ्रूट्स को मिक्स करें और तोड़ कर सभी को मिक्स करें और उसमें मिर्च, चाट मसाला, काला नमक डालकर मिला लें और एयरटाइट कंटेनर में स्टोर करें।



### सूजी से नमकीन बनाने के लिए टिप्स

इस नमकीन को बनाने के लिए पानी की मात्रा को कम ज्यादा न करें नहीं तो परफेक्ट आटा नहीं बन पाएगा। सूजी को पानी में धीरे-धीरे डालें और लगातार स्पैटुला से सूजी को चलाते रहें, ताकि गुठली न बनें। मीठा नीम या करी पत्ता को भी मिक्सचर में तलकर मिलाते हैं, तो टेस्ट अच्छा आएगा। आप इस नमकीन में चिवड़ा भी तलकर ऐड कर सकते हैं। इससे स्वाद बढ़िया आएगा।



# बैठकर पिएं पानी, दूर होंगे कई रोग

योग से तन और मन को दुरुस्त रखा जा सकता है और पानी शरीर को रोगमुक्त रखता है। अगर दोनों चीजों को मिला दिया जाए, तो हेल्थ को दुरुस्त रखा जा सकता है। आज हम आपको सुबह मलासन के दौरान पानी पीने के फायदों के बारे में बताएंगे। इसके बारे में हमें योगा टीचर दिलराजप्रीत कौर बता रही हैं।

मलासन करने से पीठ के निचले हिस्से यानी हिप्स और पेल्विक एरिया में स्ट्रेच आता है, जिससे ये अंग मजबूत होते हैं। रोजाना इसे करने से पेट की मसल्स टोन होती हैं और टखनों और घुटनों में लचीलापन आता है। इसके अलावा, पेट की समस्याओं जैसे गैस और एसिडिटी को दूर किया जा सकता है।

सुबह खाली पेट पानी पीने से बॉडी डिटॉक्स होती है, सिरदर्द और माइग्रेन की समस्या नहीं होती है, इम्यून सिस्टम मजबूत होता है, तनाव दूर होता है, वजन कम होता है और पेट संबंधी समस्याएं नहीं होती हैं। साथ ही, यूरिन में जलन दूर होती है और त्वचा हेल्दी और ग्लोइंग होती है। इसके अलावा, शरीर का तापमान कंट्रोल में रहता है, शरीर में एनर्जी का लेवल बढ़ता है और नई सेल्स और मसल्स बनने की प्रक्रिया तेज होती है। आइए दोनों क्रिया को एक साथ करने के फायदों के बारे में जानें-



**हाइड्रेशन:** अच्छी हेल्थ के साथ ही थकान और मसल्स में ऐंठन को रोकने के लिए योग के दौरान हाइड्रेटेड रहना जरूरी है। मलासन के दौरान पानी पीने से आपको ये सारे फायदे मिल सकते हैं।

**बढ़ता है लचीलापन:** मलासन हिप्स और कमर के आस-पास अंगों पर काम करता है। हाइड्रेटेड रहने से इन हिस्सों में लचीलापन बढ़ता है, जिससे मुद्रा को करना आसान हो जाता है।

**हेल्दी डाइजेशन:** मलासन की उकड़ू पोजिशन और पानी पीने से डाइजेशन अच्छा होता है और मुद्रा के दौरान होने वाली परेशानियों को रोका जा सकता है। इस पोजिशन में बैठने से बाउल मूवमेंट तेजी से काम करता है और सुबह आसानी से पेट साफ हो जाता है।

**डिटॉक्सिफिकेशन:** हाइड्रेशन शरीर से टॉक्सिंस को निकालता है और मलासन के दौरान पानी पीने से आपको यह फायदा मिल सकता है।

**मसल्स का काम होता है बेहतर:** जब शरीर अच्छी तरह से हाइड्रेटेड रहता है, तब मसल्स अच्छी तरह से काम करते हैं। साथ ही, आप मलासन करते समय स्थिरता और संतुलन बनाए रख पाते हैं। योगासन के दौरान कम मात्रा में पानी पिएं। एक बार में ज्यादा पानी पीने से परेशानी हो सकती है। हाइड्रेटेड रहें, लेकिन योग से पहले या उसके दौरान ज्यादा पीने से बचें।



### एसिडिटी दूर करने के लिए रोज सुबह खाली पेट पिएं यह पानी

पित्त दोष की अधिकता वाले लोग एसिडिटी और कब्ज से काफी परेशान रहते हैं। इसे दूर करने के लिए ठंडी तासीर वाली चीजें फायदेमंद होती हैं। पित्त की अधिकता होने पर खाना ठीक से नहीं पचता है। हेल्दी रहने के लिए सिर्फ खान-पान सही होना जरूरी नहीं है, बल्कि हम जो भी खाते हैं, उसका सही तरह से डाइजेस्ट होना भी जरूरी है।





















# जिन स्थानों पर अवैध उत्खनन, उन्हें नहीं किया खदान घोषित, उनकी जगह 7 नए स्थान चिन्हांकित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अवैध रूप से रेत उत्खनन एवं परिवहन पर अंकुश लगाने के साथ शासन के राजस्व खजाना में वृद्धि करने के उद्देश्य से रायपुर जिले में खनिज विभाग ने अब ज्यादा से ज्यादा रेत खदानों को चिन्हांकित कर उन्हें ठेके पर देने की योजना बनाई है। इसके तहत जिले में नवीन रेत खदानों को चिन्हांकित एवं सीमांकित किया जा रहा है, ताकि उन खदानों को भी ठेके पर दिया जा सके। जिले में अभी तक ऐसे 7 नए स्थानों को चिन्हांकित कर उन्हें नवीन रेत खदान घोषित किया है, लेकिन इनमें से 4 नवीन खदानें गोबरा नवापारा क्षेत्र में हैं, जहां पहले से कई अघोषित खदानें अवैध रूप से चल रही हैं। इन खदानों में रेत माफिया का कब्जा है, जो अवैध रूप से इन खदानों में दिन और रात दोनों समय रेत का उत्खनन करा रहे हैं। विभाग ने इन अघोषित खदानों के स्थान पर 4 नए स्थानों को नवीन खदान घोषित किया है। इससे कहीं न कहीं विभाग के अफसरों की भूमिका पर भी सवाल उठ रहे हैं।

### इन ग्रामों में 7 नवीन रेत खदान घोषित

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार विभागीय अफसरों ने जिले में 7 नवीन स्थानों को चिन्हांकित एवं सीमांकित कर नवीन रेत खदान घोषित किया है। इनमें गोबरा नवापारा तहसील अंतर्गत ग्राम टीला-ए में खसरा नंबर 1891 का रकबा 5 हेक्टेयर, ग्राम टीला-बी खसरा 1891 का रकबा 10 हेक्टेयर, ग्राम चांपाझर-ए खसरा 3103 का रकबा 5 हेक्टेयर एवं ग्राम चांपाझर-बी का खसराब 1112 का रकबा 5 हेक्टेयर शामिल है। इसी प्रकार आरंग तहसील अंतर्गत ग्राम हरदीडीह बी खसरा 703 रकबा 10 हेक्टेयर, ग्राम कुरूद-सी खसरा 2742 रकबा 10 हेक्टेयर एवं ग्राम राटाकाट-बी खसरा 887 रकबा 10 हेक्टेयर शामिल है।



### शासन को करोड़ों का नुकसान

अघोषित खदानों में अवैध उत्खनन एवं परिवहन किए जाने से हर महीने शासन को करोड़ों रुपए का नुकसान हो रहा है। इसके बाद भी विभाग ने अघोषित खदानों की जगह नए स्थानों को चिन्हांकित कर नवीन रेत खदान घोषित किया है।

### अभनपुर-गोबरानावारा क्षेत्र के अघोषित खदानें, जहां अवैध उत्खनन जारी

अभनपुर-गोबरानवापारा अंतर्गत ग्राम सेमरा, पारागांव, तर्रीघाट, जौंदा सहित अन्य स्थान हैं। विभाग ने इन स्थानों को खदान घोषित नहीं किया है, लेकिन कई रेत माफिया का इन अघोषित खदानों पर कब्जा है, जो कभी दिन में कभी रातभर यहां उत्खनन कराकर रेत का धड़ल्ले से परिवहन करा रहे हैं। बारिश का सीजन शुरू होने के एक माह बाद भी इन खदानों में रेत का उत्खनन चलता है। हरिभूमि ने इनमें से कुछ खदानों में लाइव पड़ताल कर अवैध उत्खनन का खुलासा भी किया था।

### ट्रायल के रूप में एक खदान का निकाला टेंडर

विभाग ने पहली बार ऑनलाइन पद्धति से नवीन खदानों के टेंडर की प्रक्रिया प्रारंभ की है। इसके तहत ट्रायल के रूप में नवीन खदानों में से ग्राम टीला-ए खदान के लिए टेंडर निकाला है, जिसके लिए आवेदन की प्रक्रिया जारी है। इस प्रक्रिया को सफलता मिलने के बाद अन्य नवीन खदानों के लिए टेंडर निकाला जाएगा।

## खबर संक्षेप

### स्वास्थ्य संयोजक भर्ती परीक्षा के प्रवेशपत्र जारी

**रायपुर।** व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक भर्ती परीक्षा के प्रवेशपत्र जारी कर दिए गए हैं। यह भर्ती परीक्षा 9 नवंबर को आयोजित होगी। स्वास्थ्य सेवा संचालनालय के अंतर्गत रिक्त पदों पर इसके जरिए भर्ती होगी।

### एनसीसी प्रशिक्षण केंद्र में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर, 200 ने किया लाभ -



**रायपुर।** स्वास्थ्य जागरूकता और जनसेवा की दिशा में एक सराहनीय पहल के तहत बेटर भारत, मां फाउंडेशन और 1 सीजी नवल एनसीसी यूनिट रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को एनसीसी प्रशिक्षण केंद्र, लखोली, आरंग में निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं सिकलसेल परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य ग्रामीण, नागरिकों के बीच स्वास्थ्य सुरक्षा की भावना को सशक्त बनाना और विभिन्न बीमारियों की प्रारंभिक पहचान के महत्व को रेखांकित करना था। इस जनकल्याणकारी आयोजन में आसपास के ग्रामों से बड़ी संख्या में ग्रामीण नागरिक, एनसीसी कैडेट, सामाजिक कार्यकर्ता और स्वयंसेवक शामिल हुए। शिविर में 200 से अधिक लोगों का निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और उन्हें आवश्यक परामर्श प्रदान किया गया। आयोजन स्थल पर सुबह से ही लोगों में उत्साह देखने को मिला। स्वास्थ्य विशेषज्ञों की टीम ने अत्यंत व्यवस्थित ढंग से प्रत्येक व्यक्ति की जांच की और रोग-निवारण से जुड़ी जानकारी दी। शिविर में विभिन्न विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा सिकलसेल परीक्षण, मधुमेह और रक्तचाप जांच, दंत स्वास्थ्य परीक्षण, नेत्र परीक्षण, स्त्रीरोग परामर्श, मानसिक स्वास्थ्य परामर्श तथा हृदय गति (ईसीजी) जांच जैसी महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गईं। सभी जांच निशुल्क की गईं और जरूरतमंद मरीजों को आगे के उपचार के लिए उचित मार्गदर्शन भी दिया गया। आयोजन में सुयश हॉस्पिटल ने विशेषज्ञ चिकित्सा सहयोग प्रदान किया, नमन डेंटल हॉस्पिटल ने दंत परीक्षण की सुविधा उपलब्ध कराई, जबकि एएसजी नेत्र अस्पताल की टीम ने नेत्र जांच सेवाएं दीं।

### ओपन नेशनल कराते में योगेश को सिल्वर मेडल

**रायपुर।** भिलाई के महिला महाविद्यालय में आयोजित आल इंडिया ओपन नेशनल कराते चैम्पियनशिप-2025 में महाराष्ट्र मंडल के संत ज्ञानेश्वर विद्यालय के योगेश कुमार यादव ने कुमटी और काटा में एक-एक सिल्वर मेडल जीता। योगेश की इस उपलब्धि पर महाराष्ट्र मंडल के अध्यक्ष अजय मधुकर काले, कार्यकारिणी और संत ज्ञानेश्वर स्कूल के प्राचार्य मनीष गोवर्धन ने हर्ष जताया है। प्राचार्य मनीष गोवर्धन ने बताया कि फीनिक्स शितो-रयू कराटे एसोसिएशन द्वारा टूर्नामेंट भिलाई में आयोजित किया गया था। इसमें देश के कई राज्यों से 350 से अधिक खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। योगेश ने काटा इवेंट में अंडर-16 केटेगरी में सिल्वर मेडल जीता। इस स्पर्धा में 16 से अधिक खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था। वहीं अंडर 17 केटेगिरी में दो फाइट खेले, जिसमें भी सिल्वर मेडल जीता।



## समाज के महापुरुषों के विरुद्ध अमर्यादित-आपत्तिजनक टिप्पणी से आक्रोशित अग्रवाल समाज

# अमित बघेल की टिप्पणी से भड़का अग्रवाल समाज, थाने में दर्ज कराई एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अग्रवाल समाज के महापुरुषों के विरुद्ध अमर्यादित एवं आपत्तिजनक टिप्पणी करने के मामले में मंगलवार को अग्रवाल समाज के लोगों ने कोतवाली थाने में छत्तीसगढ़ियां क्रांति सेना के नेता अमित बघेल के विरुद्ध शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की है। समाज के लोगों का कहना है कि अमित बघेल ने अपने बयान में अग्रवाल समाज के महापुरूषों के साथ सिंधी समाज के आराध्य देवता झुलेलाल के प्रति आपत्तिजनक शब्दों का उपयोग किया है। इसे सुनकर अग्रवाल समाज के साथ सिंधी समाज के लोगों में भी भारी आक्रोश है। पुलिस ने इस मामले में अमित बघेल के विरुद्ध धारा 173 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है।

अग्रवाल सभा रायपुर के अध्यक्ष विजय कुमार अग्रवाल के नेतृत्व में सभा के अन्य पदाधिकारी सहित समाज के प्रमुख लोग कोतवाली थाना पहुंचे और अमित बघेल के विरुद्ध एफआईआर कराते हुए उचित कार्रवाई की मांग की। अग्रवाल सभा की ओर से की गई शिकायत पर पुलिस ने विजय अग्रवाल को शिकायतकर्ता बनाते हुए अमित बघेल के विरुद्ध अपराध दर्ज किया है।



### सिंधी समाज भी अमित बघेल की टिप्पणी से भड़का

छत्तीसगढ़ सिंधी समाज के प्रदेश अध्यक्ष महेश दरयानी एवं प्रवक्ता सुभाष बजाज ने बताया कि छत्तीसगढ़ क्रांति सेना के अमित बघेल ने सिंधी, अग्रवाल, जैन तथा उड़िया समाज तथा महापुरूषों एवं भगवान के प्रति अनर्गल टिप्पणी कर प्रदेश एवं समाज का माहौल बिगाड़ने का प्रयास किया है। सिंधी समाज ने मंगलवार को बैठक की, जिसमें अमित बघेल के बयान और बातों का भरपूर विरोध करते हुए कड़ी निंदा एवं भर्त्सना की।

### छग सिंधी महापंचायत की अहम बैठक

छत्तीसगढ़ सिन्धी महापंचायत ने छत्तीसगढ़ क्रांति सेना द्वारा छत्तीसगढ़ में निवासरत सिंधी समाज, अग्रवाल समाज, जैन समाज, उत्कल समाज एवं अन्य समाजों को भी अपमानित करते हुए गालियां दिए जाने एवं समाज के ईष्टदेव भगवान झूलेलाल एवं महाराजा अग्रसेनजी के संबंध में अनाप-शनाप बोलने के संबंध में विरोध जताया है। समाजजनों का कहना है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं उप मुख्यमंत्री व गृहमंत्री विजय शर्मा के संबंध में भी अभद्र भाषा बोली जा रही है। महापंचायत के प्रवक्ता दिनेश अठवानी एवं पवन प्रीतवानी ने विज्ञप्ति के माध्यम से उक्त जानकारी दी। संस्था के संरक्षक पूर्व विधायक श्रीचंद सुंदरानी, अमर गिदवानी, राजेश वासवानी, सचिन मेघानी, राजेश गुरनानी, किशोर आहूजा, गोविंद वाधवानी, विनोद तलरेजा, राधाकिशन सुंदरानी, जीतू बडवानी, रूपचंद भीमनानी, किशोर सेतपाल, शमनलाल खूबचंदानी, गुरमुख वाधवा एवं कोर कमेटी के सदस्य बैठक में शामिल रहे।

# छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा क्षतिग्रस्त की घटना के विरोध में रायपुर महाबंद 31 को



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर।

राजधानी के तेलीबांधा वीआईपी चौक पर स्थापित छत्तीसगढ़ महतारी प्रतिमा को क्षतिग्रस्त करने की घटना के विरोध में जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी 31 अक्टूबर को रायपुर महाबंद करेगी। पार्टी के भूषणलाल साहू ने मंगलवार को प्रेस क्लब में आयोजित पत्रकार वार्ता में एक दिवसीय रायपुर महाबंद की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि राज्य अस्मिता से हो रहे खिलवाड़ को बर्दास्त नहीं किया जाएगा। एक सोची समझी साजिश के तहत शहर के व्यस्तम मुख्य मार्ग में स्थापित छत्तीसगढ़ महतारी की विशालकाय मूर्ति को नुकसान पहुंचाना निंदनीय है।

■ जय जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी ने किया ऐलान

पत्रकारों से चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी इस घटना में वास्तविक अपराधियों की गिरफ्तारी और मूर्ति तोड़ने की साजिश का पर्दाफाश चाहती है। भूषणलाल साहू ने कहा कि चाहे गुरु बाबा घासीदास का चित्र शौचालय में लगाने की घटना हो, बसना में शहीद वीरनारायण सिंह की प्रतिमा तोड़कर फेंकने की घटना हो , फूल चौक में डॉ. खूबचंद बघेल की प्रतिमा में गंदगी पोतने की घटना हो इसमें जानबूझकर केवल छत्तीसगढ़िया पुरखों और माताओं की मूर्तियों को ही साजिश के तहत निशाना बनाया गया है। जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी और उसकी मातृ संगठन छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना ने हमेशा इस तरह की घटनाओं के विरोध में आंदोलन किए हैं। वर्तमान में तेलीबांधा इलाके घटना राज्योत्सव से पहले किया गया अक्षम्य कृत्य है। इसलिए प्रदेश की जनता के आवाज को केंद्र व राज्य सरकार तक पहुंचाने जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी ने 31 अक्टूबर को रायपुर महाबंद का आव्हान किया है।

# वोट चोरी पर महिला कांग्रेस की कार्यकारिणी ने जमा किए 10 हजार फार्म, हुई बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश महिला कांग्रेस की कार्यकारिणी की बैठक राजीव भवन में फूलों देवी नेताम के नेतृत्व में आहूत की गई थी महिला कांग्रेस के द्वारा प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के पास लगभग 10000 वोट चोर गद्दी छोड़ का फॉर्म जमा किए।

■ प्रदेश अध्यक्ष फूलो देवी ने ली बैठक, कहा- असली मतदाताओं को दबाने का प्रयास

महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद फूलों देवी नेताम ने कहा, वोट की चोरी हो रही है और हमारा वोट देने का अधिकार को छीना जा रहा है। जिंदा व्यक्ति वोट नहीं दे पा रहे हैं और जिनकी मृत्यु हो चुकी है वह मतदान कर रहे हैं। यह बहुत बड़ी विडंबना है। यह लोकतंत्र के लिए बहुत बड़ा खतरा है।

उन्होंने कहा, लोकतंत्र हर वोट की शक्ति पर टिका है, आज यह नींव ही खतरे में है। अलग-अलग विधानसभा में मतदाता सूचियां में लाखों प्रविष्टि अधूरी है, जिनमें सही तस्वीर नहीं है। कई प्रविष्टियां डुप्लीकेट पाई जाती है और लाखों नाम सूचियों से गायब हैं। समुदाय को चुन चुन कर निशाना बनाया जा रहा है और धोखा धड़ी की प्रथाओं का इस्तेमाल असली मतदाताओं को दबाने के लिए किया जा रहा है। हर योग्य नागरिक का नाम मतदाता सूची में होना चाहिए, इसलिए अधिक से अधिक महिलाएं भी इस राष्ट्रव्यापी हस्ताक्षर अभियान में शामिल हो और पारदर्शिता जवाब देही और तुरंत सुधारात्मक कदम उठाने की मांग चुनाव आयोग से करें। कार्यकारिणी की बैठक मे वरिष्ठ उपाध्यक्ष उषा रंजन श्रीवास्तव, पूर्व महापौर हेमा देशमुख, कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता वंदना राजपूत एवं जिले के सभी महिला पदाधिकारी एवं जिला महिला अध्यक्ष उपस्थित थी।

## म्यूनिसिपल बांड पर ढेबर का सवाल

# जब राज्य सरकार बांड के साथ नहीं तो निवेशक कैसे करेंगे निवेश?

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पूर्व महापौर एजाज ढेबर ने प्रदेश सरकार द्वारा रायपुर नगर निगम को 100 करोड़ के म्यूनिसिपल बांड को लेकर शर्तों के अधीन दी गई अनुमति पर सवाल उठाया है। उनका कहना है, नगर निगम के म्यूनिसिपल बांड पर जब खुद सरकार को भरोसा नही है, तो निवेशक इसमें कैसे अपने पैसे लगाएंगे? इंदौर में राज्य सरकार पूरी तरह बांड के मामले में वहां के नगर निगम के साथ है। गुजरात अहमदाबाद के म्यूनिसिपल बांड में भी वहां सरकार उनके साथ है तो यहां क्यों नहीं?

■ तत्कालीन भूपेश सरकार ने बिना शर्त नगर निगम को बांड के लिए दिया था पूरा समर्थन

श्री ढेबर ने मंगलवार को पत्रकारों से चर्चा में रायपुर नगर निगम के म्यूनिसिपल बांड पालिसी पर सवाल उठाते हुए ये बातें कही। उन्होंने कहा कि जब रायपुर नगर निगम में कांग्रेस की सरकार रही, तब महापौर के रूप में मैंने म्यूनिसिपल बांड की पहल 3 साल पहले की थी, तब यह एक जनहितकारी और भविष्यदर्शी कदम था। उस तत्कालीन राज्य सरकार ने बिना किसी शर्त के पूर्ण समर्थन दिया था, ताकि नगर निगम की वित्तीय साख और जनता के विश्वास को मजबूत किया जा सके। हमने बांड को एक नए वित्तीय आत्मनिर्भरता मॉडल के रूप में प्रस्तुत किया था, पर आज जो शर्तें जोड़ी गई हैं, उनसे न केवल रायपुर नगर निगम की वित्तीय स्थिति पर प्रश्नचिंह लगा है बल्कि निवेशकों का भरोसा भी टूटेगा।



पूर्व महापौर एजाज ढेबर ने महापौर मीनल चौबे पर निशाना साधते हुए कहा जब पूर्व की परिषद ने म्यूनिसिपल बांड के प्रस्ताव को सामान्य सभा में रखा था, तब आपने बिना पूरी जानकारी के उसकी साख पर सवाल उठाये थे। आज आपकी ही सरकार ने आप पर भरोसा नहीं किया। यह बताता है कि मुद्दा राजनीति नहीं भरोसे का था। पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए पूर्व एमआईसी सदस्य अजीत कुकरेजा ने कहा तीन साल पहले उनकी परिषद ने पहली बार म्यूनिसिपल बांड को लेकर प्रयास किया। उस समय अलग-अलग प्रोजेक्ट इसमें शामिल किए यदि इस पर काम होता तो नगर निगम के नए आय के स्त्रोत तैयार होते। तत्कालीन राज्य सरकार इस प्रोजेक्ट में गारंटर के रूप में सहयोग देने तैयार थी, पर यहां तो ट्रिपल इंजन की सरकार कह रही म्यूनिसिपल बांड में हमारी गारंटी नहीं, पूरी जवाबदेही नगर निगम की रहेगी।

अजीत कुकरेजा ने पत्रकारों को बताया कि रायपुर नगर निगम आय 236 करोड़ रुपए है, जबकि अलग-अलग मद में खर्च 225 करोड़ है यानी हर साल गेप की राशि राज्य सरकार पूरा करती है। ऐसे में निगम बांड इशू करना उचित नहीं होगा।

## किसानों को 9 तारीख से ऑनलाइन मिलेंगे टोकन

# धान बेचने के लिए अब तक 24 लाख 83 हजार से अधिक का पंजीयन, अभी भी तीन दिन का समय बाकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान बेचने के लिए अब तक 24 लाख 83 हजार 568 किसानों का पंजीयन हो चुका है। जो किसान अब तक पंजीयन नहीं करा पाए हैं, उनके लिए 31 अक्टूबर तक का समय है। राज्य में अब केवल 32 हजार 962 ऐसे किसान बचे हैं जिनका एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन नहीं हो पाया है। इधर खाद्य विभाग 3 से 6 नवंबर तक खरीदी के सॉफ्टवेयर का ट्रायल रन करेगा। 9 तारीख से धान बेचने के लिए ऑनलाइन टोकन जारी होना शुरू हो जाएंगे।

■ पिछले साल से अधिक किसान बेच पाएंगे धान

राज्य में धान खरीदी के पहले किसानों के पंजीयन संबंधी अधिकृत जानकारी का डाटा हरिभूमि के पास उपलब्ध है। इसके मुताबिक पिछले खरीफ सीजन में राज्य में 25 लाख 49 हजार 606 किसानों का पंजीयन किया गया था। इस हिसाब से देखा जाए तो पंजीयन का काम लगभग पूरा हो गया है। पंजीयन को लेकर चल रही गड़बड़ियों की शिकायतों और अटकलों पर विराम लगा माना जा रहा है। क्योंकि पिछले साल के मुकाबले पंजीकृत किसानों की संख्या 66 हजार 83 कम है। हालांकि इस सीजन में सरकार ने पांच प्रकार के किसानों को एग्रीस्टेक में पंजीयन से छूट दी है।




### एग्रीस्टेक का संकट हो गया कम

धान खरीदी के मामले में एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन की अनिवार्यता को लेकर कई तरह की शिकायते, अफवाहें और अटकलें थी। कहा जा रहा था कि लाखो किसान इस बार धान बेचने से वंचित हो सकते हैं। लेकिन हरिभूमि के पास उपलब्ध ताजा आंकड़ों के मुताबिक राज्य भर में केवल 32 हजार 962 किसानों का एग्रीस्टेक में पंजीयन नहीं हो पाया है। इसके पीछे वजह ये है कि इनके पास आवश्यक दस्तावेज नहीं हैं।

### 9 नवंबर से किसानों को मिलेंगे टोकन

राज्य में 15 नवंबर से होने वाली धान खरीदी के लिए 9 नवंबर से किसानों को ऑनलाइन टोकन दिए जाएंगे। इससे पहले खाद्य विभाग 3 से 6 तारीख तक धान खरीदी के सॉफ्टवेयर का ट्रायल रन करेगा। इसके बाद पंजीकृत किसानों का डाटा फ्रीज कर लिया जाएगा। यह डाटा सोसाइटियों को भेजा जाएगा। जिस सोसाइटी में जितने किसान पंजीकृत होंगे उसके हिसाब से धान खरीदी के लिए सहकारी सिस्टम में धन राशि डाली जाएगी।

# मूल स्वरूप में हो भंडारपुरी गुरुद्वारा का नवनिर्माण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सारंगढ़ के पूर्व सांसद पीआर खूंटे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से भंडारपुरी गुरुद्वारा का नव निर्माण कार्य मूल स्वरूप में ही कराये जाने की मांग की है। उनका ये भी कहना है कि गुरुद्वारा के मूल स्वरूप में किसी भी तरह के आकार परिवर्तन को समाज बर्दास्त नहीं करेगा।

श्री खूंटे ने मंगलवार को पत्रकार वार्ता में ये बातें कही। उन्होंने कहा कि सतनामी समाज के धार्मिक आस्था का केंद्र गिरौदपुरी धाम, भंडारपुरी धाम, तेलासीबाड़ा धाम , खपरी धाम, बोरसरा बाड़ा धाम सहित अन्य धार्मिक स्थलों से व्यक्तिगत स्वामित्मव समाप्त किया जाए। समाज के धार्मिक स्थलों के संपूर्ण विकास कराने जनहित में ट्रस्ट बनाए जाने की मांग की है। पत्रकारों से चर्चा करते हुए पूर्व सांसद पीआर खूंटे ने कहा कि गुरूद्वारा मंदिर से संबंधित अवशेषों को सुरक्षित रखा जावे, स्वीकृत राशि का उपयोग गुरुद्वारा निर्माण ही किया जाए।